


# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2021-2023

वर्ष 34 अंक 330 | कोरबा, गुरुवार, दिनांक 31 अगस्त 2023 डाक 01 सितम्बर 2023 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

आवश्यकता है
ज्वेलरी दुकान में काम करने के लिए अनुभवी सेल्समेन व सेल्स गर्ल की आवश्यकता है।
-: संपर्क करें :-
सुनालिया ज्वेलर्स
पावर हाउस रोड कोरबा

**विविधा**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली में रक्षा बंधन के अवसर पर स्कूली छात्रों के साथ बातचीत करते हुए



**देश-विदेश**
टिकट के लिए भाजपा दावेदारों की बढ़ने लगी धड़कनें, दिल्ली तक दौड़ लगा रहे नेता



**फीचर पेज**
30 सेकेंड का काम, इंफेक्शन और बीमारियों का होगा काम तमाम



# बेटी इतिश्री के साथ रायपुर पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने किया स्वागत

**रायपुर, 31 अगस्त [एजेंसी]।**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय प्रवास पर गुरुवार को रायपुर पहुंचीं। राष्ट्रपति मुर्मू के साथ उनकी बेटी इतिश्री भी रायपुर पहुंचीं। यह पहला मौका है, जब राष्ट्रपति अपनी बेटी के साथ किसी यूनिवर्सिटी और धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होंगी। स्वामी विवेकानंद अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने स्वागत किया। राज्यपाल के साथ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, डीजीपी अशोक जुनेजा, कलेक्टर सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे, एसएसपी प्रशांत अग्रवाल और महापौर एजाज ढेबर भी मौजूद रहे। राष्ट्रपति प्रवास के पहले दिन जगन्नाथ मंदिर के आरती कार्यक्रम में शामिल होंगी। इसके बाद विधानसभा रोड, सड्डू स्थित ब्रम्हकुमारी संस्थान के शांति सरोवर रिट्रीट सेंटर में सकारात्मक परिवर्तन का वर्ष कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगी। अपराह्न में महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय का भ्रमण करेंगी। रात्रि विश्राम राजभवन में होगा। राष्ट्रपति दूसरे दिन बिलासपुर के गुरू घासीदास विश्वविद्यालय के 10वें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी।

बिलासपुर से लौटने के बाद वे राजभवन में जनजातीय समूहों के साथ चर्चा करेंगी। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा स्थापित शांति सरोवर, सड्डू रायपुर में सकारात्मक परिवर्तन समारोह आयोजित होने जा रहा है। कार्यक्रम में राष्ट्रपति के अलावा राज्यपाल बिस्वभूषण हरिचंदन को भी न्यौता मिला है। ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र की बहनों ने राज्यपाल से सौजन्य भेंटकर उन्हें निमंत्रण दिया। इस मौके पर ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र रायपुर की संचालिका सविता, लीना, नथमल और महेश भाई उपस्थित रहे। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के वार्षिक परियोजना सकारात्मक परिवर्तन वर्ष का छत्तीसगढ़ में शुभारंभ करने राष्ट्रपति रायपुर आएंगी।

इस अवसर पर 31 अगस्त को सुबह 11.50 बजे ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा विधानसभा मार्ग स्थित शांति सरोवर रिट्रीट सेंटर रायपुर में उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया है। समारोह में राज्यपाल बिश्वभूषण हरिचन्दन और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी देते हुए रायपुर सेवा केंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने बताया कि समारोह में भाग लेने के लिए माउंट आबू से संस्थान के कार्यकारी सचिव ब्रह्माकुमार मृत्युजंय भाई रायपुर आएंगे। समारोह में इंदौरा जोन की क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी, भिलाई केन्द्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी, शिक्षाविद सेवा प्रभाग की एडिशनल डायरेक्टर बीके लीना दीदी, न्यायविद सेवा प्रभाग के राष्ट्रीय समन्वयक बीके नथमल भाई भाग लेंगे।

# 'हिंदुत्व हमारी पहचान', मुंबई हवाईअड्डे के बाहर लगे भगवा झंडे -उद्धव गुट वाली शिवसेना



**मुंबई, 31 अगस्त एजेंसी।**

भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को 2024 के लोकसभा चुनाव में चुनौती देने के लिए बने विपक्षी गठबंधन इंडिया की दो दिवसीय बैठक आज से मुंबई में होगी। इसमें इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) गठबंधन के संयोजक का नाम तय करने के अलावा समन्वय समिति का गठन किए जाने की उम्मीद है। वहीं, बैठक से पहले उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट ने गुरुवार को मुंबई हवाईअड्डे के बाहर उद्धव की तस्वीरों के साथ भगवा झंडे लगाए। फ्रंटल संगठन भारतीय कामगार सेना (यूबीटी) के सचिव संतोष कदम ने बताया कि मुंबई हवाईअड्डे के बाहर भगवा झंडे लगाए गए हैं। यह हमारी पहचान है। उन्होंने कहा कि हिंदुत्व हमारी पहचान है और भारत में रहने वाले सभी लोग हिंदू हैं। गठबंधन के बाकी साथी भी इस पर सहमत होंगे। हवाईअड्डे से लेकर बैठक स्थल तक भगवा झंडे और पोस्टर लगाए गए हैं। पोस्टर पर मोटे अक्षरों में लिखा है 'जुड़ेगा भारत, जीतेगा भारत'।

इस बैठक में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के महासचिव सीताराम येचुरी और नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला सहित कई विपक्षी नेता शामिल होंगे। इस बैठक से पहले विपक्षी गठबंधन में शामिल दलों में पीएम पद के लिए दावेदारी पेश करने की होड़ देखने को मिली।

कांग्रेस, जदयू और तृणमूल के बाद सपा, शिवसेना-यूबीटी और आम आदमी पार्टी (आप) ने भी पीएम पद के लिए दावेदारी कर दी है। हालांकि गठबंधन के प्रमुख नेताओं ने इस मुद्दे को फिलहाल टालने की कोशिश की है। वहीं, आप ने सफाई पेश की है कि अरविंद केजरीवाल की ऐसी कोई आकांक्षा नहीं है।

**जोहानिसबर्ग में बहुमंजिला इमारत में भीषण आग**

# 63 की मौत, 40 से ज्यादा घायल

**जोहानिसबर्ग, 31 अगस्त [एजेंसी]।**



दक्षिण अफ्रीका के जोहानिसबर्ग में एक बहुमंजिला इमारत में भीषण आग लग गई। इस घटना में अब तक कम से कम 63 लोगों की मौत हुई है, वहीं 40 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। बताया गया है कि यह आग शहर के मध्य में स्थित बिजनेस डिस्ट्रिक्ट में गुरुवार सुबह लगी। दमकलकर्मियों ने अब तक घटनास्थल से 63 शव निकाले हैं। जोहानिसबर्ग इमरजेंसी मैनेजमेंट सर्विसेज के प्रवक्ता रॉबर्ट मुलाउद्जी ने कहा कि दमकल विभाग राहत और बचाव कार्य में जुटे हैं।

इस घटना में कम से कम एक बच्चे की भी जान गई है। वहीं, घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। उन्होंने कहा कि जिस ड़ेमारत में आग लगी उसे बेघरों के लिए अनाधिकारिक आवास के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा था और इसके लिए कोई आधिकारिक किराए से जुड़ा समझौता भी नहीं था। इतने सारे लोगों के इमारत में एक साथ होने की वजह से राहत-बचाव कार्यों में भी समस्या आ रही है।

# छड़ी मुबारक की पूजा के साथ ही अमरनाथ यात्रा का हुआ समापन, 4.42 लाख श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**जम्मू, 31 अगस्त [एजेंसी]।**



श्री अमरनाथ यात्रा की छड़ी मुबारक आज तड़के पवित्र गुफा में पहुंची। छड़ी मुबारक के दर्शन के साथ अमरनाथ यात्रा का समापन हुआ। सूर्योदय से पहले अमरनाथ के पवित्र मंदिर में ले जाया गया। पवित्र गुफा में भगवान शंकर की पूजा के साथ ही इस वर्ष की तीर्थ यात्रा का पूजा में मुख्य दर्शन और मुख्य पूजा का अनुष्ठान भी संपन्न हो गया।श्री बाबा अमरनाथ की यात्रा के लिए छड़ी मुबारक बुधवार को शेषनाग से पंजतरणी के लिए हुई थी।

वीरवार, 31 अगस्त को पंजतरणी से छड़ी मुबारक पवित्र गुफा पहुंची और पूजा-अर्चना और दर्शन के साथ ही 62 दिन की बाबा अमरनाथ की यात्रा संपन्न हो गई। बाबा अमरनाथ यात्रा में इस बार 4.42 लाख श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा के दर्शन किए हैं। यात्रा संपन्न होने के बाद यात्रा के दोनों मार्गों पर सफाई का अभियान चलेगा।

# उमर अब्दुल्ला की पत्नी पायल को हाईकोर्ट से बड़ी राहत, अब 75 हजार नहीं 1.5 लाख मिलेगा गुजारा भत्ता



**नईदिल्ली, 31 अगस्त ।**

दिल्ली हाई कोर्ट ने जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को अलग रह रही पत्नी पायल अब्दुल्ला को 1.5 लाख रुपये प्रति माह गुजारा-भत्ता देने का आदेश दिया है। गौरतलब है कि इस मामले में पायल अब्दुल्ला को हाईकोर्ट से राहत मिली है।

दरअसल निचली अदालत ने 75 हजार प्रतिमाह गुजारा-भत्ता देने का आदेश दिया था। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने बेटे की शिक्षा के लिए 60 हजार रुपये प्रतिमाह देने का भी आदेश दिया है। निचली अदालत के खिलाफ पायल की याचिका पर हाईकोर्ट ने उक्त आदेश दिया है।

# कोलारस विधायक वीरेंद्र रघुवंशी ने भाजपा छोड़ी, लगाए ये आरोप



**शिवपुरी, 31 अगस्त ।**

जिले की कोलारस विधानसभा से भाजपा विधायक वीरेंद्र रघुवंशी ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। इस निर्णय से भाजपा को बड़ा झटका लगा है। कोलारस विधायक वीरेंद्र रघुवंशी ने पार्टी छोड़ने की घोषणा कर कई आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि सिंधिया के आने के बाद भाजपा की रीतिनीति ही बदल गई है। ग्वालियर-चंबल में मूल कार्यकर्ताओं को कुचला जा रहा है।रघुवंशी का कहना है कि साढ़े 3 साल से सीएम को अपनी पीड़ा बता रहा हूं, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही। उनका आरोप है कि ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ आई टीम भ्रष्टाचार में डूबी है। अधिकारियों की पोस्टिंग को लेकर भी उन्होंने नाराजगी जाहिर की है। वीरेंद्र का आरोप है कि ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न तोमर और प्रभारी मंत्री महेंद्र सिसोदिया विकास में बाधक बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे भूमि पूजन तक नहीं करने दिया जा रहा है। पूरी ताकत से सिंधिया के मंत्री विकास कार्यों को क्षति पहुंचा रहे हैं। इन लोगों ने मुझ पर फर्जी एफआईआर करने का भी पूरा प्रयास किया। उल्लेखनीय है कि रघुवंशी ने सिंधिया के साथ राजनीति की शुरुआत की थी, लेकिन सिंधिया से नाराजगी के बाद भाजपा में आ गए थे।

# केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में कहा, 'जम्मू-कश्मीर में किसी भी समय चुनाव के लिए तैयार'

**नईदिल्ली, 31 अगस्त [एजेंसी]।**




आर्टिकल 370 पर जारी सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा है कि वह जम्मू-कश्मीर में किसी भी वक्त विधानसभा चुनाव कराने के लिए तैयार है। बता दें, सर्वोच्च अदालत में जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई हो रही है। याचिकाओं पर भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस संजय किशन कौल, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस सूर्यकांत की पांच न्यायाधीशों वाली संविधान पीठ सोमवार और शुक्रवार को छोड़कर दैनिक आधार पर याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है।

पिछली सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने तर्क दिया कि संविधान में कोई भी बदलाव जो सभी को बराबर लाता है, उसे कभी गलत नहीं ठहराया जा सकता। इसी सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा था कि जम्मू-कश्मीर में चुनाव कब होंगे।

# जम्मू-कश्मीर में एसआईए का बड़ा एक्शन, लंबे समय से फरार चल रहे आठ आतंकियों को दबोचा, दो सरकारी कर्मचारी भी शामिल




**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में जांच एजेंसियों को आतंकियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में बड़ी सफलता हाथ लगी है। तीन दशकों से फरार चल रहे आठ आतंकियों को गिरफ्तार किया गया है, जिसमें दो सरकारी कर्मचारी भी शामिल हैं। आपराधिक जांच विभाग से मिले इनपुट पर राज्य जांच एजेंसी द्वारा चलाए गए विशेष अभियान के तहत तीन दशकों से फरार चल रहे आठ आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया है। बताया जा रहा है कि गिरफ्तार किए गए आतंकियों में कुछ ओवर ग्राउंड वर्कर और दो सरकारी कर्मचारी भी शामिल है।अधिकारी ने इस मामले पर जानकारी कहा कि आपराधिक जांच विभाग के इनपुट पर राज्य जांच एजेंसी ने इन आतंकियों को काबू करने में सफलता हासिल की। वहीं फरार आतंकियों की बात की जाए तो अधिकारी के अनुसार कश्मीर में 417 और जम्मू में 317 सहित कुल 734 भगोड़ों में से 327 टाडा और आतंकवाद निरोधक अधिनियम (पोटा) मामलों में वांछित थे। वहीं इन मामलों में एसआईए ने अब तक 369 भगोड़ों का सत्यापन और पहचान की है। अधिकारी द्वारा कहा गया है कि जम्मू में 215 और कश्मीर में 154 आतंकी पकड़े जा चुके हैं।

# नार्थ-ईस्ट एक्सप्रेस के एसी कोच में लगी आग

**अलीगढ़।** नई दिल्ली से कामख्या जा रही नार्थ-ईस्ट सुपर फास्ट एक्सप्रेस के वातानुकूलित कोच संख्या डी-5 में गुरुवार को शार्ट सर्किट से आग लग गई। इससे आग से यात्री बेचैन हो गए। कोच के गेट के निकट लगे बिजली के तारों के बाक्स से उठ रहे धुआं को ड्यूटी पर तैनात रेल कर्मचारी ने देख लिया। ट्रेन के स्टेशन पर खड़े होने पर कैरिज एंड वैगन के अधिकारी-कर्मचारी, डिप्टी स्टेशन अधीक्षक आदि पहुंचे और खुद आग बुझाने में जुट गए। छोटे अग्निशमन उपकरणों से आग पर काबू पा लिया। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है।

# ओवैसी की सभा में लगे देश विरोधी नारे, केस दर्ज, कहा- झारखंड में मुसलमानों पर हो रहा जुल्म



**गिरिडीह, 31 अगस्त [एजेंसी]।**

झारखंड के गिरिडीह जिला स्थित डुमरी विधानसभा के लिए पांच सितंबर को होने वाले उपचुनाव को लेकर चुनाव प्रचार तेज है। इसी कड़ी में बुधवार को केबी हाईस्कूल मैदान में आल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने एआईएमआईएम प्रत्याशी मौलाना मोबिन रिजवी के पक्ष में सभा को संबोधित किया। उन्होंने झारखंड सरकार पर जमकर हमला बोला। इस बीच ओवैसी के समर्थकों बीच से देश विरोधी नारे लगे। इसका वीडियो पूरे क्षेत्र में प्रसारित हो रहा है, इसमें विवादित नारे स्पष्ट सुनाई दे रहे हैं। बहरहाल, जिला प्रशासन तक इसकी शिकायत पहुंच गई है। इस मामले में डुमरी के एसडीएम सहजाद परवेज ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। मामला सही पाए जाने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। गिरिडीह के उपायुक्त (डीसी) नमन प्रियेश लाकड़ा ने बताया कि एआईएमआईएम उम्मीदवार अब्दुल मोबिन रिजवी, कार्यक्रम के आयोजक मुजफ्फर हसन नूरानी और अन्य के खिलाफ डुमरी पुलिस स्टेशन में देश विरोधी नारे लगाए जाने के मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# सुप्रीम कोर्ट की फर्जी वेबसाइट का हुआ खुलासा, मच गया हड़कंप

***नईदिल्ली, 31 अगस्त [एजेंसी]।***



*सुप्रीम कोर्ट ने अदालत की एक फर्जी वेबसाइट का खुलासा किया है। साथ ही एक सार्वजनिक नोटिस जारी कर जनता से सावधान रहने की भी अपील की है। शीर्ष न्यायालय की ही यह फर्जी वेबसाइट फिशिंग अटैक के मकसद से तैयार की गई थी। सुप्रीमकोर्ट ने साफ किया है कि कोर्ट किसी से भी निजी, वित्तीय या गोपनीय जानकारी नहीं मांगता है। लाइवलॉ के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि फिशिंग अटैक से जुड़ी जानकारी मिली है। कोर्ट ने जानकारी दी है कि साइबर हमला करने वाले इन वेबसाइट्स के जरिए निजी जानकारी और गोपनीय जानकारी मांग रहे हैं। इन वेबसाइट्स पर जाने वाले किसी भी विजिटर को सलाह दी जाती है कि कोई भी निजी जानकारी साझा न करें। सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री ने कहा है कि लोग बगैर प्रमाणिकता जाने न ही लिंक्स पर क्लिक करें और न शेयर करें। कोर्ट ने बताया कि अगर कोई इस तरह के साइबर हमले का शिकार हुआ है, तो वह अपने सभी ऑनलाइन अकाउंट्स के पासवर्ड बदल लें और अपने बैंकों, क्रेडिट कार्ड कंपनी को भी सूचित कर दें।*

**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

**चर्म, गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद)

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर, रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक, बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

# लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस का बड़ा दांव दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए अरविंदर सिंह लवली

**नईदिल्ली, 31 अगस्त [एजेंसी]।**



लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने दिल्ली में बड़ा बदलाव करते हुए अरविंदर सिंह लवली को दिल्ली कांग्रेस का नया अध्यक्ष बनाया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अरविंदर सिंह लवली को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया है। अभी अनिल चौधरी के पास ये जिम्मेदारी थी। अनिल चौधरी की जगह अब अरविंदर सिंह लवली दिल्ली में पार्टी की कमान संभालेंगे। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने पत्र जारी कर बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने तत्काल प्रभाव से अरविंदर सिंह लवली को दिल्ली कांग्रेस का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है।अरविंदर का जन्म पंजाब के लुधियाना में हुआ था। दिल्ली विश्वविद्यालय के श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज में स्नातक की पढ़ाई के दौरान ही अरविंदर सामाजिक कार्यों में सक्रीय रहते थे। पढ़ाई के दौरान अरविंदर कॉलेज के छात्रसंघ के लिए चुने गए। वह विभिन्न सामाजिक और शैक्षणिक संगठनों के साथ सक्रिय रूप से शामिल थे। अरविंदर दिल्ली स्थित भीमराव अंबेडकर कॉलेज के अध्यक्ष भी बने।पढ़ाई के दौरान ही राजनीतिक गतिविधियों में अरविंदर की गहरी दिलचस्पी जाग गई थी।

उन्होंने 1992 से 1996 तक कांग्रेस की छात्र इकाई एएनयूआई के राष्ट्रीय महासचिव के रूप में काम किया। साल 1998 में पहली बार अरविंदर गांधीनगर से विधायक चुने गए। उस समय अरविंदर दिल्ली विधानसभा के सबसे कम उम्र के सदस्य थे। शीला सरकार में 1998 से 2013 तक वह तीन बार विधायक रहने के साथ-साथ मंत्री पद भी संभाल चुके हैं। शीला दीक्षित के कार्यकाल के दौरान 2003 में अरविंदर को कैबिनेट में शामिल किया गया। शीला दीक्षित की कैबिनेट में शिक्षा मंत्री रहते हुए अरविंदर ने पब्लिक स्कूलों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए 20 प्रतिशत आरक्षण शुरू करने की पहल की थी। इसके साथ ही उन्होंने दिल्ली को देश का पहला ऐसा राज्य बनाने की पहल की जहां स्कूलों में कंप्यूटर शिक्षा प्रदान कराई जाती है।

# भिलाई इस्पात संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस 6 में लगी आग मचा हड़कंप, फायर ब्रिगेड की टीम बुझाने में जुटी



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के भिलाई इस्पात संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस 6 में आग लग गई है। संयंत्र में आगजनी की घटना कैसी हुई इसकी जानकारी नहीं हो पाई है। आग की सूचना मिलते ही संयंत्र की फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने के प्रयास में जुटी हुई हैं। फिलहाल प्लांट में किसी की भी प्रकार की जनहानि की खबर नहीं मिली है। इस घटना से संयंत्र के भीतर अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। आग की लपटें इतनी तेज हैं कि देखते ही देखते पूरे इलाके को अपनी चपेट में ले लिया।

## ट्रेलर की चपेट में आने से निजी कंपनी के मुंशी की मौत

### कुसमुंडा कोल माइंस में हुआ हादसा



**कोरबा।** कुसमुंडा खदान में एक ट्रेलर की चपेट में आने से निजी कंपनी के मुंशी की मौत हो गई। घटना से सहकर्मियों में नाराजगी व्याप्त हो गई। पुलिस ने शव को मच्यूरी में रखा दिया है।

साऊथ ईस्टर्न कोलफिल्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) की कुसमुंडा खदान के 29 नंबर काल स्टार्ट में यह घटना बुधवार की शाम चार बजे हुई। बताया जा रहा है कि घुड़देवा निवासी विनय कुमार, कोल लिफ्टरों का काम देखने वालों के अधीन मुंशी का काम करता था। बुधवार को भी काम करने खदान गया था। इसी बीच मौसम ने एकाएक करवट ली और वर्षा होने लगी। इससे बचने के लिए वह एक ट्रेलर के पीछे तरफ डाला के नीचे जाकर बैठ गया। कुछ देर बाद ट्रेलर चालक ने जाने के लिए वाहन चालू किया और पीछे कर मोड़ने लगा, तभी विनय उसकी चपेट में आ गया और ट्रेलर का चक्का उसके सिर पर चढ़ गया। इससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। जानकारी मिलते ही स्थल पर सहकर्मियों में नाराजगी व्याप्त हो गई।

सूचना मिलने पर स्थल पर पहुंची पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई के बाद शव को एसईसीएल विकास नगर स्थित अस्पताल के मर्च्यूरी में रखा दिया है। शाम होने की वजह से अब गुरूवार को पोस्टमार्टम किया जाएगा। पुलिस का कहना है कि वाहन चालक के विरूद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है। विवेचना के उपरांत आगे की कार्रवाई की जाएगी। रक्षाबंधन पर्व के दिन ही दुर्घटना होने पर मृतक विनय के घर समेत मोहल्ले में शोक का माहौल व्याप्त है। कोल लिफ्टरों ने घटना को लेकर नाराजगी जताते कहा है कि खदान क्षेत्र में लगातार दुर्घटनाएं हो रही है और सुरक्षा के प्रति कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### मैत्री बैडमिंटन प्रतियोगिता में भगत सिंह टीम विजेता

**कोरबा।** दीपका क्षेत्र में मेजर ध्यानचंद की जन्मतिथि के उपलक्ष्य में दिनांक 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता क्षेत्र के महाप्रबंधक एसके मोहंती द्वारा की गई। इसके पूर्व खेल मंत्रालय भारत सरकार व मुख्यालय द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार दीपका क्षेत्र में दिनांक 21 से 29 अगस्त के मध्य मैत्री बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें टीम शहीद भगत सिंह विजेता व टीम शहीद चंद्रशेकर आज़ाद उप-विजेता रही। इस अवसर पर श्री मोहंती द्वारा सभी को पुन- खेल शपथ दिलाई गई जिसके पश्चात टीम शहीद भगत सिंह के श्री वेद प्रकाश शर्मा व के ईश कुमार एवं टीम शहीद चन्द्रशेखर आज़ाद के अविनाश सिंह व चिरंजीवी साहू को पुरस्कृत किया गया। महाप्रबंधक (खनन) दीपका विस्तार परियोजना डीएम बोबड़े के साथ समस्त विभागाध्यक्ष, श्रमिक नेमा, अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### लापरवाही के चलते कोल कामगारों की डूबी रकम

**कोरबा।** कोयला उद्योग से बड़ी खबर सामने आ रही है। जिसमें कोयला खान भविष्य निधि प्रबंधन की लापरवाही के चलते कोल कर्मियों का 315 करोड़ रूपये डूब गए। कंट्रोलर एंड ऑडिटर जनरल (कैग) ने यह बड़ा खुलासा किया है।

कैग ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि, वर्ष 2020 में खान भविष्य निधि संगठन ने डीएचएफएल में 1390.25 करोड़ रुपए का निवेश किया था। इसमें कंपनी 864 करोड़ रुपए वापस पाने में तो कामयाब रही, लेकिन 526.25 करोड़ रुपए वापस नहीं ले पाई।

कैग ने बताया कि, बाजार में जब डीएचएफल की साख गिर रही थी। उसकी रेटिंग एए निगेटिव हो गई थी। तब खान भविष्य निधि संगठन के आयुक्त के समक्ष प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। जिसके तहत सीएमपीएफ, बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज की बैठक में शामिल करने के लिए कहा गया। लेकिन तय समय पर ट्रस्टीज बोर्ड की बैठक नहीं हो पाई। इसके बाद, 14 मई 2019 को डीएचएफएल की रेटिंग घटकर एए माइनस से बीबी माइनस तक पहुंच गई। इतना खराब प्रदर्शन के बाद भी 05 जून 2019 को क्रेडिट रेटिंग एजेंसी ने ष्ठ॥स्न्ररु को संस्थानों की सूची बाहर निकाल दिया।

### यातायात का दबाव होगा कम

## दर्री बराज से बरमपुर तक 83 करोड़ से बनेगी पक्की सड़क



**कोरबा।** कोरबा विधानसभा क्षेत्र के कुछ मार्ग ऐसे हैं, जहां यातायात का भारी दबाव रहता है। ऐसे में सड़कों का चौड़ा और सुगम होने के साथ ही वैकल्पिक मार्गों का होना जरूरी हो जाता है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री जयसिंह अग्रवाल के प्रयास से बीते पांच वर्षों में इस दिशा में काम किया गया है। इससे आवागमन सुगम होगा।

कुसमुंडा क्षेत्र से दर्री-जमनीपाली की ओर से आने और वापसी के लिए लोगों को एक बेहतर वैकल्पिक मार्ग मिलने जा रहा है। दर्री बराज से बरमपुर तक की 8.20 किलोमीटर लंबाई वाला मार्ग पक्का और चौड़ा होने जा रहा है। वर्तमान में यह मार्ग आवागमन के लिए उपयुक्त नहीं है। दर्री बरॉज से बरमपुर तक पक्की और चौड़ी सड़क बने इसके लिए राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने प्रयास किया । सड़क का निर्माण करने के लिए एसईसीएल प्रबंधन से चर्चा की गई और उन्हें इसके लिए राजी किया गया। अंततः एसईसीएल प्रबंधन ने 8.20 किलोमीटर लंबाई वाली सड़क के निर्माण के लिए 9 अगस्त को लिखित सहमति दी है। दर्री बरॉज से बरमपुर तक सड़क का निर्माण 83 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से होगा। इस सड़क के निर्माण से आमजनों का आवागमन सुरक्षित व बेहतर तरीके से हो सकेगा। सबसे बड़ी बात यह कि कुसमुंडा क्षेत्र से दर्री- जमनीपाली की ओर आने की दूरी कम होगी तथा समय के साथ ईंधन की बचत होगी। निश्चित तौर पर क्षेत्र के नागरिकों के लिए यह एक बड़ी सौगात है। इसके अलावा ट्रैफिक के भारी दबाव वाले मार्गों का भी उन्नयन करते हुए इन्हें चौड़ा और सीसी में तब्दील किया गया है। इसमें सीएसईबी चौक से दर्री बरॉज तथा दर्री बरॉज से गोपालपुर मार्ग सम्मिलित है।

सड़कों का यह बेहतर कार्य राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री जयसिंह अग्रवाल के अथक प्रयास से ही संभव हो सका है। राजस्व मंत्री अग्रवाल ने इस संदर्भ में कहा कि वे नागरिकों के आवागमन के लिए सुरक्षित और बेहतर सड़कें मिले, इसके लिए वे कटिबद्ध हैं। कई सड़कों का निर्माण किया गया है और कुछेक सड़कों का काम जारी है। भविष्य में इस दिशा में और अच्छा काम किया जाएगा।

## पार्षद निधि से 10 लाख से बना ओपन जिम शुरू

**कोरबा।** निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 50 एनटीपीसी टाउनशिप में सरस्वती शिशु मंदिर के समीप पार्क में ओपन जिम की स्थापना की गई है। पार्षद निधि से इसकी मंजूरी वार्ड पार्षद कविता नारायण राजपूत ने दी थी। मंगलवार को पूर्व विधायक लखनलाल देवांगन ने ओपन जिम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि ओपन जिम खुलने से युवाओं समेत अन्य वर्गों को लाभ मिलेगा।

जीवन में स्वस्थ रहकर सफलता पाई जा सकती है। ओपन जिम लोगों के निरोग जीवन में सहायक बनेगी। इस मौके पर भाजपा नेता तुलसी ठाकुर, मनोज लहरे, संजय कुर्मवंशी, मनोज अग्रवाल, आशीष पांडेय, अनिल यादव, नीरज शर्मा, पं. नरेंद्र वाकडे, विजय मिरी, जितेंद्र यादव, गोलू पांडे, विजय साहू, पुष्पा कंवर, फिरत साहू, बुधवार साय, बलिराम समेत अन्य मौजूद रहे।

### पोड़ी में किया गया अखंड मानस पाठ

**कोरबा।** हनुमान चबूतरा समिति द्वारा संपूर्ण सावन मास में रामायण भजन-कीर्तन आयोजन किया गया। महिलाओं द्वारा सोमवार को विसर्जन किया गया एवं मानषगान का समापन 29 अगस्त को हुआ। उक्त आयोजन में आसपास क्षेत्र के आधा दर्जन से भी अधिक गांवों की भजन मंडलियों ने भाग लिया। आयोजन मंडली द्वारा सभी टोलियों का सम्मान किया गया।



कटघोरा विधानसभा के दीपका में बिहार राज्य के विधान परिषद सदस्य संतोष कुमार सिंह के दीपका आगमन पर भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल दीपका द्वारा बाइक रैली कर नगर भ्रमण करते हुए उनका स्वागत एवं सम्मान किया गया

## जिला जेल में बंद भाईयों को राखी नहीं बांध सकीं बहनें

### बहनों से राखी लेकर दिया गया बंदियों को

**कोरबा।** कोविड और आई फ्लु के प्रकोप के कारण पिछले तीन सालों की तरह इस साल भी जिला जेल में रक्षाबंधन सामान्य तरीके से नहीं मनाया जा सका। जेल में बंद कैदी भाईयों की कलाई सूनी ना रहे इसके लिए जेल प्रबंधन राखी ले रहा है और उसे सैनेटाईज कर बंदिया तक पहुंचाया जा रहा है। वहीं हर कैदी के लिए दो मिनट का समय निर्धारण किया गया है जिसके तहत बहने फोन पर अपने भाई से कर सके।

देश में कोविड का प्रकोप लगभग समाप्त हो चुका है लेकिन आई फ्लु का खतरा अभी भी बना हुआ है यही वजह है,कि जिला जेल में बंद कैदियों को पिछले तीन साल की तरह इस साल भी बहने राखी नहीं बांध सकी। हालांकि जेल प्रबंधन कैदी भाईयों की कलाई सूनी ना रहे इसके लिए विशेष व्यवस्था कर रखी थी। जिसके तहत जेल आने वाली बहनों से राखी लेकर उसे सैनेटाईज किया गया फिर कैदियों तक पहुंचाया गया। साथ ही हर कैदी के लिए दो मिनट का समय निर्धारण किया गया ताकी फोन पर बहने अपने भाईयों से बात कर सके। रक्षाबंधन के पावन पर्व को लेकर जेल प्रबंधन ने कैदियों के खाने के लिए विशेष व्यवस्था कर रखी थी जिसके तहत उन्हें हलवा और पूरी दिया गया। वर्तमान में जिला जेल में 17 महिलाएं सहित कुल 246 बंदी है। महिला बंदियो का उनके भाईयों से बात कराने की व्यवस्था भी जेल प्रबंधन के द्वारा की गई। कुल मिलाकर जब तक संक्रामक बीमारियों का प्रभाव कम नहीं होगा तब तक जेल में मनाई जाने वाले सभी त्यौहार पर पाबंदी लगी रहेगी।

## डीएवी स्कूल में खिलाड़ियों ने स्पर्धा में दिखाया कौशल



**कोरबा।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल खरमोरा में मेजर ध्यानचंद की याद में विद्यालय में प्राचार्य हेमंतो मुखर्जी के दिशा निर्देशन में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया । विद्यालय के छात्र - छात्राओं के बीच खेल स्पर्धाएं आयोजित की गई। इस अवसर पर कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा रश्मि शर्मा ने राष्ट्रीय खेल दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यालय की अध्यापिका परमेश्वरी राठौर ने हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए जीवन में खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। कक्षा 9वीं, 11वीं तथा 10वीं-12वीं की छात्राओं के मध्य खो - खो की प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें दसवीं - बारहवीं की छात्रायें विजयी रही। इसी तरह छात्र वर्ग में कक्षा नवीं - दसवीं तथा कक्षा ग्यारहवीं - बारहवीं के छात्रों के बीच भी खो- खो की प्रतियोगिता हुई इसमें कक्षा ग्यारहवीं - बारहवीं की टीम विजयी रही। इसके साथ ही बालक वर्ग में कक्षा नवीं व बारहवीं के बीच आयोजित वॉलीबॉल में कक्षा नवीं की टीम विजेता रही। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य मुखर्जी ने छात्रों को संबोधित करते हुए विद्यालय जीवन में खेलों के महत्व को बताया। प्राचार्य ने बताया कि मेजर ध्यानचंद ने हॉकी में भारत को ओलंपिक में स्वर्ण पदक दिलवाया था , उन्हें सम्मानित करने के लिये हर साल उनके जन्मदिवस 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है।

### युवक से मारपीट

**कोरबा।** कोतवाली थाना क्षेत्र के तुलसीनगर में तंबाकू नहीं देने पर युवक से मारपीट कर दी। घटना में कृष्णा पैलेश के पास रहने वाले बृजपाल चौहान को चोटें आई है। पीड़ित ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है। आरोपी छवि प्रजापति है। पुलिस ने बताया कि बृजपाल घर के बाहर टहल रहा था। इस छवि बृजपाल के पास पहुंचा। तंबाकू की मांग की, तंबाकू नहीं होने की बात कही। इसी बात को लेकर गाली-गलौज करते हुए आरोपी ने युवक के सिर पर हाथ में पहने कड़े से हमला कर दिया।

## स्वर्णकार समाज महिला मण्डल बालको ने मनाया सावन उत्सव



**कोरबा।** स्वर्णकार समाज महिला मंडल ने धूमधाम से सावन उत्सव मनाया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि स्वर्णकार समाज की अध्यक्षा किरण सोनी व जिलाध्यक्ष केके सोनी रहीं। मुख्य अतिथियों व एवं अन्य पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलन, शंखनाद, राम दरबार व राधा-कृष्ण की आरती के साथ कार्यक्रम की शुरुवात की। वरिष्ठ महिलाओं के छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य सुआ नृत्य व अन्य लोक गीत की प्रस्तुति ने सभी का दिल जीत लिया। वही युवा महिला सदस्यों द्वारा गरबा व अन्य फ़िल्मी गानों पर नृत्य की प्रस्तुति दी ई। रैम्पवाक में सभी ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का परिचय दिया। बच्चों को उनकी पसंदीदा चॉकलेट्स, मिठाइयाँ, पेन व उपहार बांटे गए। सावन क्वीन का खिताब प्रीति अमित स्वर्णकार को दिया गया।

### दो पक्षों में हुआ विवाद पुलिस ने किया केस दर्ज

**कोरबा।** पाली पुलिस ने जमीन विवाद को लेकर दीवाल तोड़ने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पाली में रहने वाले कवलजीत सिंह गंभीर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है। पुलिस ने बताया कि कवलजीत के पिता और चाचा का एक जमीन है। जहां बाउंड्रीवाल किया गया।

## युगीन परंपरा का हिस्सा है रक्षाबंधन, कई जगह कार्यक्रम



**कोरबा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने कार्यों के साथ छह उत्सवों में से वर्ष के तीसरे उत्सव के अंतर्गत रक्षाबंधन पर विभिन्न् सरोकार दिखाए। जिले में अनेक स्थान पर पौराणिक पर्व के आयोजन के साथ-साथ स्वयंसेवकों ने सेवा बस्तियों में समाज के साथ यह पर्व मनाया और खुशियां साझा की। इस दौरान परस्पर रक्षा के संकल्प को दोहराया। स्वयं सेवकों ने कहा रक्षा सूत्र की परंपरा वर्षों से युगों से बनी है। रक्षाबंधन पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संबंधित स्थान पर मुख्य वक्ताओं ने अपनी बात रखी। रक्षाबंधन को पौराणिक से लेकर वर्तमान संदर्भ में रेखांकित किया।

भगतसिंह उपनगर के 15 ब्लाक दुर्गा मंदिर परिसर में हेमंत माहुलिकर, गो- माता चौक में नरसिंह शास्त्री, शारदा विहार में सत्येंद्रनाथ दुबे और राताखार में भानु साहू मुख्य वक्ता थे। गुरुघासीदास उपनगर के अंतर्गत महाराणा प्रताप नगर में राजिम से पधारे सह बौद्धिक प्रमुख नागेंद्र वशिष्ठ, खरमोरा में नगर कार्यवाह कैलाश नाहक, सरस्वती विद्यालय सीएसईबी में विभाग प्रचारक योगेश्वर जी मुख्य वक्ता थे। केशव उपनगर दर्री के अंतर्गत लाटा अगारखार में जिला व्यवस्था प्रमुख अरुण कौशिल, एनटीपीसी में प्रवीण राय, शिवनगर में सह नगर कार्यवाह डा राजीव गुप्ता, सरस्वती विद्यालय एचटीपीपी में अरविंद स्वर्णकार प्रमुख मुख्य वक्ता रहे। बालको में आयोजित कार्यक्रम को नगर संघ चालक डा विशाल उपाध्याय ने संबोधित किया।

## प्रतियोगिता का आयोजन कर राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया



**कोरबा।** मेजर ध्यानचंद की जयंती राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर दीपका स्थित इंडस पब्लिक में कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कक्षा 6 वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के मध्य अलग- अलग वर्ग में कबड्डी एवं खो-खो ,वॉलीबॉल एवम्नटग ऑफ वार प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दोनों ही खेलों का विद्यार्थियों ने भरपूर आनंद लिया।इस प्रतियोगिता में बालक और बालिकाओ को दो समूह में विभाजित किया गया था। इन प्रतियोगिताओं में बालिकाओं के मध्य टग ऑफ वार प्रतियोगिता% का रोमांचक आयोजन किया गया। दोनों ही वर्गों ने अपनी शक्ति का बेहतर प्रदर्शन किया।इस प्रतियोगिता में कक्षा प्रथम राउंड में टोपाज़ हाउस ने सफायर हाउस को धूल चटाई तथा दूसरे राउंड में रूबी हाउस ने एमराल्ड हाउस को तारे दिखाए।फाइनल राउंड में टोपाज हाउस की छात्राओं ने रूबी हाउस की छात्राओं को धूल चढ़कर प्रतियोगिता में बाजी मारी। इसी प्रकार हाउसवाइज वॉलीबॉल प्रतियोगिता में भी पूरा मैच रोमांचक रहा ।सभी हाउस के विद्यार्थी एक दूसरे को हराने के लिए पसीने बहाते नजर आए दर्शक दीर्घा में बैठे विद्यार्थी भी लगातार करतल ध्वनिकर उत्साह बढ़ा रहे थे। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में प्रथम राउंड में सफायर एवं टोपज हाउस के मध्य मैच हुआ जिसमें टोपाज हाउस विजयी रहा । सेकंड राउंड में एमराल्ड एवं रूबी हाउस के विद्यार्थियों के मध्य वॉलीबॉल की प्रतियोगिता आयोजित की गई ,जिसमें रूबी हाउस विजित रहा। फाइनल मैच का आयोजन आगामी खेल दिवस में किया जाएगा । जिसका सभी विद्यार्थियों को बेसब्री से इंतजार है।

असीम रहमान (खेल प्रशिशक)ने कहा कि बच्चों खेल को खेल भावना से खेलने हेतु शपथ दिलाई और कहा खेल से ही हमारा शारीरिक विकास होता है। आयोजित खेल में बच्चों के बीच टग ऑफ वार, कबड्डी, खो-खो, आदि अनेक खेल खेले गए और मेजर ध्यान चंद को खेल के माध्यम से सम्मान अर्पित किया गया।

खेल दिवस के कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु विद्यालय के प्राचार्य सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं स्पोर्ट्स टीचर कु. पूनम के साथ लीलाराम यादव एवं सव्यसाची सरकार (शैक्षणिक प्रभारी) सहित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने भरपूर सहयोग दिया । इंडस पब्लिक स्कूल के प्राचार्य डॉक्टर संजय गुप्ता ने कहा कि खेल जीवन का अनिवार्य अंग है, एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निर्माण होता है। इससे न सिर्फ हममें नेतृत्व, अनुशासन, भाईचारा, सहयोग तथा खेल भावना का विकास होता है अपितु हम एक जिम्मेदार नागरिक भी बनते हैं।आज हम खेल के क्षेत्र में भी कामयाबी की बुलंदियों को स्पर्श कर सकते हैं।खेल के लिए निरंतर परिश्रम व अनुशासन अतिआवश्यक है।

## असम में चमके कोरबा के सितारे, जीते पदक



**कोरबा।** ओलंपिक काउंसिल ऑफ़ एशिया से मान्यता प्राप्त वोविनाम मार्शल आर्ट खेल का आयोजन वोविनाम एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया एवं ऑल असम वोविनाम एसोसिएशन के तत्वावधान में 12वीं राष्ट्रीय वोविनाम मार्शल आर्ट चैंपियनशिप का आयोजन नेहरू स्टेडियम, गुवाहाटी असम में 23 से 26 अगस्त 2023 तक किया गया। इसमें 21 राज्यों के 451 खिलाड़ियों ने भाग लिया। छत्तीसगढ़ राज्य की टीम से 30 खिलाड़ी, 2 अधिकारी एवं 3 राष्ट्रीय रेफ़री शामिल हुए। प्रदेश के खिलाड़ियों ने पांच स्वर्ण, नौ रजत एवं 16 कांस्य पदक जीतकर छत्तीसगढ़ राज्य का नाम रोशन किया।

कुसमुंडा कोरबा से 14 खिलाड़ियों ने भाग लिया इसमें 2 स्वर्ण, 3 रजत एवं 9 कांस्य पदक कुसमुंडा के खिलाड़ियों ने अपने नाम किया। रागिनी एवं नोवेल कुमार साहू ने स्वर्ण पदक, दर्शित वैष्णव, रौनक कुमार रजक, नैनी वैष्णव ने रजत पदक, आयुष यादव, संस्कार सिंह, श्रुति साहू, तनिष्का यादव, आदित्य रंजन, नैतिक कुमार शर्मा, तवर्णा पटेल, प्रणव राज सिंह एवं डिंपल वैष्णव ने काँस्य पदक प्राप्त किया। छत्तीसगढ़ वोविनाम एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश देवांगन ने बताया कि राज्य के खिलाड़ियों ने उम्दा प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ राज्य को चौथे स्थान पर ले आये साथ ही नोवेल कुमार साहू को बेस्ट फाइटर बालक के अवार्ड से सम्मानित किया गया हैं। नोवेल कुमार साहू का चयन वर्ल्ड वोविनाम मार्शल आर्ट चैंपियनशिप वियतनाम के लिए किया गया है । खिलाड़ियों के कोच कुसमुंडा पहुंचने पर शाहिद कुजूर पार्षद, एलबी नायक, रामचरण साहू, गौरी शंकर, गौ सेवक धनंजय, अभिषेक कुमार, अंकुर देवांगन, आशुतोष जायसवाल, अभिषेक जायसवाल, अंकुश मोर, पीयूष कर्ष, दीपक राजपूत ने खिलाड़ियों का पुष्पमाला, पुष्पगुच्छ एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया। साथ ही बाजे गाजे के साथ एक रैली में सभी अभिभावक, खेल प्रेमियों ने हिस्सा लेते हुए खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया।

### बोतली में बसपा की बैठक

**कोरबा।** बसपा के जिलाध्यक्ष के द्वारा कल रामपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बोतली में कार्यकर्ताओं की बैठक ली। इस दौरान जगतराम राठिया, आर.के. चौहान व मूलचंद आजाद ने अपने-अपने विचार रखे। रामपुर विधानसभा क्षेत्र में भी प्रत्याशी खड़ा करने की तैयारी की जा रही है। यहां पर नामों पर विचार विमर्श करते हुए हाईकमान को नाम भेजा जाएगा। माना जा रहा है कि रामपुर विधानसभा क्षेत्र से जगतराम राठिया चुनाव लड़ सकते हैं। इसी तरह कोरबा विधानसभा के लिए खिलेश जाटवर व रामकृष्ण चौहान के नाम सामने आए हैं। इन नामों पर विचार विमर्श कर नाम तय किये जाएंगे। इसके बाद कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के लिए भी चर्चा की गई।

# सरपंच को जिताने के लिए पंचायत निरीक्षक पर 5 हजार रूपए लेने का लगा आरोप

**जांजगीर चांपा।** अविश्वास प्रस्ताव में सरपंच के पक्ष में चुनाव जीतने को लेकर सरपंच और पंचायत इंस्पेक्टर के बीच हुई लेन-देन की बातचीत और रकम वापस करने का आडियो-वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। कथित आडियो-वीडियो ग्राम पंचायत बोरसी की महिला सरपंच और पामगढ़ जनपद के पंचायत इंस्पेक्टर का बताया जा रहा है (आडियो-वीडियो की पत्रिका पुष्टि नहीं करता)। जिसमें 25 हजार रुपए के लेन-देन और बाद में काम नहीं कराने के एवज में पैसे लौटाने की बातचीत हो रही है। इस आडियो-वीडियो के वायरल होने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।

गौरतलब है कि पामगढ़ जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत बोरसी में सरपंच लीलाबाई कश्यप के विरुद्ध अश्विास प्रस्ताव लाया गया था। विगत 25 अगस्त को इस पर पंचायत में सम्मिलन का आयोजन हुआ। जहां अविश्वास प्रस्ताव पारित हो गया था और सरपंच की कुर्सी चली गई। इसी मामले से जुड़ा दो आडियो और एक वीडियो क्षेत्र में वायरल हो रहा है जिसे एक आडियो बोरसी सरपंच लीलाबाई कश्यप और पंचायत इंस्पेक्टर पीएस पटेल के बीच हुए बातचीत और दूसरा सरपंच पति और पंचायत इंस्पेक्टर के बीच बातचीत का बताया जा रहा है। जिसमें महिला के द्वारा चुनाव में हार मिलने के बाद पंचायत इंस्पेक्टर को पैसे लेने के बाद भी काम नहीं करने और दी गई रकम वापसी करने कहा जा रहा है। जिसमें पंचायत इंस्पेक्टर के द्वारा काम नहीं करा पाने और पैसे वापस कर देने की बात स्वीकारी जा रही है। इतना ही नहीं कथित आडियो में महिला के द्वारा तहसीलदार का भी जिक्र किया जा रहा है कि उसने तहसीलदार को पैसे क्यों नहीं दिए, इसी कारण चुनाव में ऐसा हुआ है। बहरहाल आडियो-वीडियो वायरल होने के बाद अविश्वास प्रस्ताव पर सांठगांठ का आरोप भी लग रहा है। बहरहाल मामला काफी तूल पकड़ रहा है। मामले में सरपंच और पंचायत इंस्पेक्टर पर बड़ी कार्रवाई हो सकती है।

आडियो में एक महिला और पुरुष की आवाज है और बातचीत छत्तीसगढ़ी में हो रही है। जिसमें स्पष्ट हो रहा है कि महिला के द्वारा किसी चुनाव में अपने पक्ष में काम कराने के एवज में सामने वाले को 25 हजार रुपए में डील होने की बात कही जा रही है। सामने वाले व्यक्ति भी स्वीकार कर रहा है कि पैसे लिए हैं पर काम नहीं करा पाया। अब पैसे वापस करने तैयार हैं। खुद को वह अकलतरा में रहने बता रहा है। इस पर महिला कह रही है कि वे अपने बेटे धन्नू को भेज रही है, उसे पैसे दे देना। वायरल वीडियो में पंचायत इंस्पेक्टर पीएस पटेल रेलवे ओवरब्रिज के पास बाइक में खड़ा हुआ नजर आ रहा है जहां एक व्यक्ति पहुंचता है जिसे पंचायत इंस्पेक्टर कुछ पैसे देता है।

पंचायत इंस्पेक्टर को अविश्वास प्रस्ताव का चुनाव निष्पक्ष चुनाव कराने बोले थे तब उन्होंने चुनाव में कुछ खर्चा-पानी देने की बात कही थी। उसी पैसे दिए थे। जिताने वाली बात सही नहीं है। अविश्वास प्रस्ताव पर फैसला मेरे विरुद्ध आया है। जिस पर एसडीएम न्यायालय में अपील की गई है।
लीलाबाई कश्यप, पूर्व सरपंच बोरसी

अविश्वास प्रस्ताव पर निष्पक्ष चुनाव कराया गया है । किसी का पक्ष नहीं लिया गया है। जो ऑडियो वीडियो वायरल हो रहा है वह बदनाम करने की नीयत से किया जा रहा है। लेन-देन की बात बेबुनियाद है।
पीएस पटेल, पंचायत इंस्पेक्टर जपं पामगढ़

## मनहरण राठौर बने कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री



**जांजगीर चांपा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ इकाई के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के अध्यक्ष बनने के बाद उन्होंने अपने कार्यकारिणी घोषित कर दी है। इसमें शक्ति विधानसभा के तेज तर्रार नेता एवं विधानसभा टिकट के प्रमुख दावेदार मनहरण राठौर को कांग्रेस पार्टी ने प्रदेश का महामंत्री नियुक्त किया गया है। मनहरण राठौर के महामंत्री बनने से शक्ति विधानसभा क्षेत्र में ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में कांग्रेस पार्टी को मजबूती मिलेगी यह विश्वास लोगों में जताया है ज्ञात होगी । मनहरण राठौर पूर्व विधायक श्रीमती सरोजा राठौर के पति हैं जिन्होंने एक दशक पूर्व कांग्रेस पार्टी में अपनी धर्म पत्नी को विधायक बनाने में सफलता अर्जित की है और तब से लेकर आज भी वह संगठन के लिए कार्य कर रहे हैं वह सामाजिक नेतृत्व के साथ-साथ अन्य समुदाय के लोगों में भी गहरी पैठ रखने वाले ऐसे नेता है जिन्हें सर्वमान्य नेता के रूप में स्वीकार किया जाता है जो वर्तमान में शक्ति विधानसभा से कांग्रेस के प्रबल दावेदार हैं।

## पंडित जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय नवागढ़ में विविध खेलों का हुआ आयोजन



**जांजगीर-चांपा।** पंडित जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय नवागढ़ व राधाकृष्ण शिक्षा समिति नवागढ़ के संयुक्त तत्वाधान में आज राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के लिए एक नई पहल है, जिसमें महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा विभिन्न खेलों का आनंद लिया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के संचालक एवं संचालिका विनोद कुमार बंसल व श्रीमती अन्नपूर्णा बंसल, डॉ राजेश शर्मा प्राचार्य पं. जवाहर लाल नेहरू, डॉ. रित्विज तिवारी प्राचार्य राधा कृष्ण शिक्षा समिति नवागढ़ तथा उप्राचार्य सुश्री सिंपल रजक उपस्थित थे। इस खेल का आयोजन खेल प्रभारी पुष्कर दिनकर के नेतृत्व में खेल के विभिन्न विधाओं जैसे मलखंब, रस्सी कूद, शटर रनिंग, पुश अप, ब्रॉड जंप, प्लेन इत्यादि में सभी छात्र-छात्राओं को खेलाते हुए ध्यान को केंद्रित किया तथा ब्रांड जंप में प्रथम स्थान भरत, द्वितीय स्थान प्रीतेश तृतीय स्थान रूपेश, पुश अप में प्रथम स्थान राजा राजक, द्वितीय स्थान सागर साहू, तृतीय स्थान प्रेमचंद, स्किपिंग जंप में प्रथम स्थान आरती कुर्रे ने प्राप्त किया। महाविद्यालय द्वारा इन प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र तथा मेडल से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापकगण राजेंद्र कुमार विजयवार, भरत लाल बंजारे, शिवरात्रि साहू, मनीष साहू, सतीश महंत, अनुभव साहू, तरुण टंडन, स्नेह लता कश्यप ,रजनी साहू, बबीता मधुकर, धनेश्वरी कुर्रे, जे.पी. खरे, मनोज बंजारे, यशोदा शान्ते आदि ने अपनी सहभागिता निभाया तथा कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया।

## ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल बनारी में राष्ट्रीय खेल दिवस, ओणम तथा रक्षा बंधन का आयोजन



**जाँजगीर।** ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, बनारी, जाँजगीर में संस्था के संचालक आलोक अग्रवाल एवं प्राचार्या श्रीमती सोनाली सिंह के निर्देशन में दिनाँक - 29 अगस्त 2023 को विविध कार्यक्रम ओणम, रक्षाबंधन व राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। जिसके अंतर्गत सर्वप्रथम खेल शिक्षक आशीष राउत के द्वारा विद्यार्थियों को मेजर ध्यानचंद के विषय में तथा उनके जीवन परिचय से संबंधित जानकारीयाँ दी गई। ओणम तथा रक्षा बंधन के उत्सव के बारे में शाला शिक्षकों के द्वारा बच्चों को त्यौहारों से संबंधित जानकारीयाँ दी गई। सभी विद्यार्थियों के द्वारा शाला प्रांगण में दक्षिण भारतीय व्यंजनों के साथ ओणम का त्यौहार मनाया गया। उसके पश्चात् विद्यार्थियों व शिक्षकों के बीच में क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया, तथा साथ ही खो-खो, कबड्डी, इत्यादि खेलकूद कराकर एवं बच्चों को अपने जीवन में खेल और स्वास्थ्य का महत्व समझया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों नें प्रतिभागी बन अपने क्रीड़ा कौशल एवं विवेक का प्रदर्शन किया व आनंद लिया। साथ ही खेल शिक्षक आशीष राउत व गौरव कटकवार ने बच्चों को उत्साहपूर्वक सभी खेलों में प्रतिभागिता निभाते रहने का निर्देश दिया। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी छात्रों के साथ खेलकर अपने बालक्रीड़ा का भरपूर आनंद लिया।

## नेत्रदान के लिए करेंगे प्रोत्साहित

**अकलतरा।** राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत 25 से 8 सितंबर तक नेत्रदान पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम करूमहू और खोड़ मे 175 छात्र-छात्राओं को नेत्र परीक्षण कर नेत्रदान के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बताया गया कि छत्तीसगढ़ में लगभग 15 से 20 हजार व्यक्तियो को आंख की परेशानी है।

कई लोगों को अंधापन नेत्र पटल (कॉर्निया) की बीमारी के कारण है यदि उन्हें कॉर्निया उपलब्ध हो जाए तो उनकी आंखों की रोशनी वापस आ सकती है। यदि मृत्यु के बाद किसी की आंखो दूसरे व्यक्ति की आंखों की रोशनी दी सकती है। प्रतिदिन हजारों लोगों की मौत देश भर की अस्पतालों में होती है यदि उनके रिश्तेदार अनुमति दें या उनके मित्र या नजदीकी रिश्तेदार भी अपने साथी को नेत्रदान सहमति होने पर कर सकते है। नेत्रदान वाले व्यक्ति की सूचना नेत्र बैंक जिला चिकित्सालय में 2 घंटे के अंदर देना होता है। कार्यक्रम मे स्वास्थ्य विभाग के नेत्र सहायक अधिकारी आरके यादव, प्रीतेश सिंह चंदेल, डीआर भारते, बबीता पाटले, सत्यजीत कुर्रे, प्रधान पाठक, हरीश चंदराय व शाला के स्टाफ उपस्थित थे।

## कितने बच्चे हैं कुपोषित, खोज कल से

**जांजगीर-चांपा।** जिले में एक बार फिर से कुपोषित बच्चों की तलाश शुरू होगी। 1 सितंबर से जिले भर में 6 साल तक के ऐसे बच्चों की तलाश की जाएगी जो शारीरिक रूप से कमजोर हैं। आठ माह बाद इस साल दूसरी बार यह अभियान चलाया जाएगा।
इस साल पहली बार जनवरी में ऐसे बच्चों की तलाश हुई थी। इसकी रिपोर्ट फरवरी में जारी की गई थी। अब 1 से 13 सितंबर तक दूसरी बार वजन त्योहार मनाया जाएगा। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में 1 से 13 सितंबर तक वजन त्यौहार का आयोजन किया जाएगा।

## एनएच 43 पर नाला के पास युवक की मिली लाश, हत्या की आशंका

**अंबिकापुर।** अंबिकापुर- रामानुजगंज राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 43 पर भफौली नाला से ठीक पहले सड़क किनारे युवक की लाश मिली है। शरीर में चोट के निशान से हत्या की आशंका जताई जा रही है।मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। आशंका है कि युवक की हत्या कहीं और की गई और शव को राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे लाकर फेंक दिया गया होगा। पुलिस मृतक की पहचान करने में जुटी हुई है।

## किशोरी से अनाचार करने के मामले में आरोपी को 20 साल की सजा

**सक्ती ।** नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपित को फास्ट ट्रैक कोर्ट सक्ती के विशेष न्यायाधीश यशवंत कुमार सारथी ने 20 वर्ष सश्रम कारावास एवं12 हजार रूपए अर्थदंड से दंडित किया।अभियोजन के अनुसार 14 वर्ष 10 माह की नाबालिग को घटना के दिन सुबह 10 बजे अभियुक्त रविंद्र कुमार वैष्णव (22) पिता शिवचरण वैष्णव ने मोबाइल से फोन कर अपने घर बुलाया । जब वह आरोपित के घर पैदल पहुंची तो नाबालिग की मां ने अभियुक्त को फोन लगाकर अपनी बेटी के बारे में पूछताछ की। आरोपित ने कहा कि उसकी बेटी उसके घर नहीं आई है। इसके बाद वह खुद अपनी बाइक सेनाबालिग लड़की के घर पहुंच गया और उसके पिता को अपनी बाइक में बिठाकर नाबालिग को खोजने के लिए बाराद्वार ले गया।
वहां से वापस आकर उसके पिता को उसके घर में छोड़ दिया और खुद अपने घर वापस आ गया। इसके बाद वह नाबालिग को बाइक में बिठाकर अपनी चाची के गांव में छोड़कर आ गया और उसके बेटे को साथ ले आया। चाची के बेटे के साथ वह नाबालिग के घर गया और वापस फिर चाची के घर गया। नवरात्र का समय होने के कारण नाबालिग को अपने साथ दुर्गा पंडाल में घूमाने ले गया तथा इसी गांव में स्थित अपने एक अन्य चाची के घर नाबालिग को ले गया और वहां से पूर्व में जिस चाची के घर गए थे वहां नाबालिग को ले जाकर रात्रि में उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया। फिर सबेरे बाइक से अकेले अपने गांव लौटा इसके बाद नाबालिग की मां को बाइक में बिठाकर थाना जैजैपुर ले गया वहां गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। लड़की की मां थाने में ही रूक गई जबकि युवक फिर से अपनी चाचाी के घर वापस आ गया और नाबालिग को अपनी बाइक में बिठाकर गांव ले जाकर शनि मंदिर के पास छोड़ा। दूसरे दिन सुबह 5 बजे गांव जाकर नाबालिग को ढूंढने का ढोंग करने लगा और वापस आकर नाबालिग को बाइक में बिठाकर चांपा की ओर ले गया और वहां बस में बिठा दिया और कहा कि वह बाइक में पीछे-पीछे आ रहा है।
इसी बीच नाबालिग के मामा व पुलिस वहां पहुंच गए और युवक को गिरफ्तार किया उसके विरूद्ध अपराध दर्ज कर अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया। मामले की सुनवाई कर विशेष न्यायालय पाक्सो एक्ट द्वारा रविंद्र वैष्णव को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम की धारा 4 (2) के अपराध के लिए 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 10 हजार रूपए अर्थदंड , धारा 363 के लिए 3 वर्ष सश्रम कारावास एवं 1 हजार रूपए अर्थदंड , धारा 366 के लिए 3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1 हजार रूपए अर्थदंड से दंडित किया गया । अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक राकेश महंत ने पैरवी की।

## विवाद पर प्राणघातक हमला, तीन गिरफ्तार




**जांजगीर - चांपा ।** जमीन विवाद पर ग्राम कर्रा में लाठी, डंडा से जानलेवा हमला करने वालेतीन आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। वहीं एक नाबालिग को बाल सुधार गृह भेजा गया है। मामला नवागढ़ थाना का है।पुलिस के अनुसार ग्राम तागा थाना मुलमुला निवासी शीशराम कश्यप 28 अगस्त को घर से सुबह करीबन 11 बजे पेशी दिलाने जाने की बात कर निकला था। शाम लगभग पांच से छह बजे के बीच गांव के कुछ लोग घर आकर उसकी बेटी श्यामता कश्यप को बताये कि शीशराम कश्यप खेत में मूर्छित अवस्था मेंपड़ा है।

इस पर वह अपने भाई के साथ जाकर देखी तोशीशराम कश्यप लहू लुहान हालत में खेत में बेहोश मिला । उसके शरीर में चोट थे। शीशराम को घर लेकर आए और पानी डालकर होश मेंलाया और अस्पताल ले जाकर उपचार कराए। उसने श्यामता को बताया कि तुम्हारी पहली मां, अपने दूसरे पति गोपाल कश्यप और अपने दोनों बेटो के साथ मिलकर जमीन की बंटवारे की बात को लेकर लाठी, डंडा से उस पर जानलेवा हमला कर दिए और खेत में छोड़ कर भाग गए । इस पर श्यामता कश्यप ने थाने पहुंचकर इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई।

जिस पर पुलिस ने भादवि की धारा 307, 323, 34 कायम कर विवेचना में लिया। पुलिस ने आरोपित गोपाल कश्यप, शंकुतला कश्यप, गौतम कश्यप और एक किशोर को गिरफ्तार किया। आरोपित गोपाल कश्यप, शंकुतला कश्यप, गौतम कश्यप को न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया । वहीं वारदात में शामिल नाबालिग को किशोर न्यायालय में पेश कर बाल संप्रेषक्षण गृह कोरबा भेजा गया ।

## विवेक अग्रवाल को केबीसी में मौका

**जांजगीर - चांपा ।** शहर के युवा व्यवसायी विवेक अग्रवाल अपनी मेहनत और ज्ञान के दम पर कौन बनेगा करोड़पति के महामंच तक पहुंच गए। केबीसी की हाट सीट पर बैठकर उन्होंने सदी के महानायक अमिताभ बच्चन के सवालों के जवाब दिये। केबीसी में भाग लेने के बाद रविवार 27 अगस्त को उनकी घर वापसी हुई। केबीसी में विवेक के शो का प्रसारण 19 और 20 सितंबर को किया जाएगा। शहर के साथ ही जिलेवासियों को अब इसका बेसब्री से इंतजार है।

नैला निवासी 37 वर्षीय विवेक अग्रवाल पिछले 17 साल से कौन बनेगा करोड़पति में भाग लेने के लिए तैयारी कर रहे थे, लेकिन लंबे इंतजार के बाद इस साल उनको केबीसी के हाट सीट तक पहुंचने का मौका मिल ही गया। अप्रैल माह में हुए आनलाइन रजिस्ट्रेशन के बाद उनका सलेक्शन ग्राउण्ड आडिशन के लिए हुआ था। मई माह में मुंबई जाकर वे आडिशन में शामिल हुए और फास्टेस्ट फिंगर फस्ट में सवाल का सही जवाब देकर हाट सीट तक पहुंच गए। केबीसी के खेल में उन्होंने अमिताभ बच्चन के सवालों का जवाब दिया और कई रोचक चर्चाएं भी की। विवेक अग्रवाल नैला निवासी बर्तन व्यवसायी कमल सुल्तानियां के पुत्र हैं। डीडी प्लाजा जांजगीर में उनकी महामाया मेटल शाप की दुकान है। विवेक का कहना है कि लगातार प्रयास करने से किसी भी काम में सफलता मिल सकती है। केबीसी में धन राशि जीतने से ज्यादा खुशी इस बात की है कि सदी के महानायक अमिताभ बच्चन के साथ समय बीताने और रुबरु होकर चर्चा करने का मौका मिला। कौन बनेगा करोड़पति में भाग लेने के बाद रविवार की दोपहर विवेक का जांजगीर आगमन हुआ। इस दौरान लोगों ने आतिशबाजी और ढोल नगाड़े के साथ जमकर स्वागत किया।

## धान फसल के नुकसान का कारण बनी कम बारिश



**अकलतरा।** क्षेत्र में अल्प वर्षा के चलते धान की फसल चौपट हो रही है। इसके साथ ही बारिश नहीं होने के कारण खेतों में पानी की कमी हो जाने से दरार पड़ने लगी है। अब किसान धान की फसल को लेकर चिंतित हैं। किसानों का कहना है कि फसल ठीक नहीं हुई तो उनके द्वारा धान की फसल के लिए बैंकों से लिए गए केसीसी ऋण व यूरिया एवं डीएपी के खाद के लिए गए कर्ज चुकाने में परेशानी होगी।
किसान डिफाल्टर भी हो सकते हैं साथ ही साथ उन्हें आर्थिक रूप से भी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। क्षेत्र के गांव पोड़ीदलहा में किसानों द्वारा बड़ी संख्या में धान की फसल उगाई जाती है। गांव के खेतों में टेल एरिया तक नहर का पानी नहीं पहुंचने से गांव के सैकड़ो किसान बारिश के पानी में धान की फसल उगाने के लिए मजबूर होते हैं। वर्तमान में क्षेत्र में सावन का महीना होने के बाद भी बारिश नहीं होने एवं अल्प वर्षा के चलते धान की 50 प्रतिशत फसल नष्ट होने की कगार पर है। गांव के किसान जितेंद्र सिंह ने बताया कि किसानों द्वारा खेत में धान का रोपा लगाने के बाद यूरिया एवं डीएपी खाद का छिड़काव किया गया था।
क्षेत्र में इस वर्ष अल्प वर्षा के चलते धान की फसल चौपट होने की कगार पर है, खेतों में दरार पड़ने लगी है। धान के पौधे तो उग आए हैं, लेकिन पानी नहीं होने के कारण किसान खाद नहीं डाल पा रहे हैं, जिसके कारण पौधों की ग्रोथ थम गई है। वहीं पौधे अब पीले होने लगे हैं। सावन के दो माह होने के बाद भी वर्षा नहीं होने से खेतों में पानी नहीं पहुंच रहा है। नहर के माध्यम से किसानों द्वारा खेतों में सिंचाई करने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन गांव के टेल एरिया तक नहर का पानी नहीं पहुंचने से किसानों की परेशानी बढ़ रही है। कम बारिश होने से ग्राम पोड़ीदलहा टेल एरिया में खराब हो रही धान की फसल।
अकलतरा क्षेत्र में पांच सरकारी बांध, पर सब अनुपयोगी सिंचाई विभाग के रिकॉर्ड के अनुसार अकलतरा क्षेत्र में पांच अलग अलग स्थानों पर जलाशय बनाए गए हैं। रिकॉर्ड के अनुसार कर्रानाला बांध शत प्रतिशत भर चुका है, जबकि पोड़ीदल्हा जलाशय मात्र 20 प्रतिशत भरा है। कटघरी में दो जलाशय हैं। यहां का नंबर एक जलाशय 30 प्रतिशत, नंबर 2 जलाशय 20 प्रतिशत भरा है।

## वित्तीय सहायता के मामलों को भेजा गया बैंकों के पास

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश में सीईओ जिला पंचायत डॉ. ज्योति पटेल ने जिला स्तरीय परामर्शदात्री व पुनर्विक्षा समिति की बैठक ली। उन्होंने बैंक के शाखा प्रबंधकों से कहा कि शासन की योजना के तहत विभागों द्वारा बैंक को भेजे गए ऋण प्रकरणों पर समय सीमा में कार्यवाही सुनिश्चित करें।
उन्होंने सभी बैंकर्स को निर्देशित किया कि वे केंद्र और राज्य शासन के अंतर्गत गरीब और कमजोर वर्गों के लिए संचालित की जा रही योजनाओं के माध्यम से उन्हें आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के साथ उनका जीवन स्तर ऊपर उठाने की दिशा में काम करें।
बैठक में धान के बदले अन्य उच्च उपज वाले फसल को बढ़ावा देने, गुणवत्ता युक्त बीज, ड्रॉप मोर क्रॉप, फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान से बचाव के लिए वेयर हाउस एवं कोल्ड स्टोरेज श्रृंखला की स्थापना, फसल बीमा योजना को और मजबूती प्रदान करने, मुर्गीपालन, मधुमक्खी पालन, मछली पालन जैसे सहायक गतिविधियों को बढ़ावा देने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में शासकीय योजना के अंतर्गत लक्ष्य व ऋण वितरण की समीक्षा, पशुपालन और उद्यानिकी, मत्स्य विभाग अंतर्गत प्रकरणों की समीक्षा, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसानों की आय को दुगुना करने, प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा एवं जीवन ज्योति बीमा योजना और वित्तीय साक्षरता, पीएम स्वनिधि योजना की समीक्षा की गई। बैठक में खादी ग्रामोद्योग, व्यापार एवं उद्योग, अंत्याव्यवसायी सहित विभिन्न विभाग के स्वीकृति, वितरण एवं लंबित ऋण प्रकरणों की समीक्षा की गई। बैठक में रिजर्व बैंक के अधिकारी, लीड बैंक अधिकारी, नाबार्ड विभिन्न संबंधित विभागों के जिला अधिकारी सहित जिले के विभिन्न बैंक शाखाओं के प्रबंधक उपस्थित थे।

## 34 लाख की ठगी के मामले में दो पकड़ाए

**जांजगीर - चांपा ।** रेलवे में नौकरी लगाने के नाम पर 34 लाख की ठगी करने वाले बंटी बबली और दो सगे भाई सहित चार आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया । वहीं मामले का एक आरोपित फरार है जिसकी पतासाजी में पुलिस जुटी हुई है। मामला चांपा थाना का है।

पुलिस के अनुसार बालपुर निवासी रमेश कुमार मन्नेवार की जान पहचान लछनपुर निवासी विधान बैरागी सेहुई। विधान बैरागी ने रमेश कुमार मन्नेवार उसका भाई रूपेश कुमार और दोस्त महुदा निवासी अजित कुमार साहू को रेलवे विभाग में नौकरी लगाने के नाम से लछनपुर निवासी दो सगे भाई पुरूषोत्तम पटेल, भजन पटेल और श्याम रेजीडेंसी उसलापुर बिलासपुर निवासी वर्षा रानी शर्मा के साथ मिलकर झांसे में लिया। इसके बाद नवंबर 2021 में 14 लाख रूपये नकदी ठगी की।

## भाई बहन के रिश्ते के साथ-साथ हर सामाजिक संबंध को मजबूत करता है रक्षाबंधन - गगन जयपुरिया

**रजैजैपुर।** विवार को जैजैपुर के सद्भावना भवन में मितानिनों के साथ रक्षाबंधन उत्सव कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम के आयोजक बीजेपी सक्ती जिले के महामंत्री और जि.पं. सभापति गगन जयपुरिया थे । कार्यक्रम में पुरे जैजैपुर विधानसभा के लगभग सभी सात सौ मितानिन उपस्थित थे । रक्षाबंधन उत्सव कार्यक्रम में सभी मितानिनों ने आये हुए अतिथि और कार्यक्रम के आयोजक गगन जयपुरिया को रक्षासूत्र बाँधा। ब्लाक समन्वयको ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद गुहाराम अजगल्ले को राखी बांधी। मितानिनों का कहना था कि किसी जनप्रतिनिधि द्वारा आयोजित इस प्रकार का यह पहला कार्यक्रम है , जहा हम मितानिनों को बहन मान कर इतना सम्मान दिया गया है । सांसद गुहाराम अजगल्ले ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं घर-घर पहुंचाने में हमारी मितानिन बहनों की भूमिका महत्वपूर्ण है। मितानिन बहिनें शासन द्वारा संचालित की जा रही स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी गांव-गांव, घर-घर पहुंचाती हैं। कार्यक्रम



को सम्बोधित करते हुए आयोजक गगन जयपुरिया ने कहा कि मेरे बुलाने पर भाई-बहन के इस त्यौहार का आपने मान रखा , उसके लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद । आपके लिए जो मेरे हृदय में सम्मान है, उसे मैं मंच के अल्प समय में थोड़े से शब्दों में व्यक्त नहीं कर सकता । निश्चित रूप से आपका समाज के प्रति समर्पण का भाव अनुकरणीय है। आज इस रक्षाबंधन उत्सव में अपने आप को आप सभी के बीच पाकर मुझे अत्यंत प्रसन्नता और गर्व की अनुभूति हो रही थी। आप ग्रामीण क्षेत्रो में रहने वाले लोगो की लाइफ लाइन है । आपका योगदान केवल स्वास्थ्य सेवाओं तक ही सिमित नहीं है, बल्कि सामाज के सारे आयामों में आपकी महत्वपूर्ण भूमिका है।आप ग्रामीण क्षेत्रों में अँधेरे में रोशनी की किरण की तरह है, जो जन-मानस को जागृत कर व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन कर सकती है। जिला पंचायत सभापति के रूप में मैंने अपने जि.पं. क्षेत्र में विकास के नये अध्याय की शुरुवात की है। नेताओं की पुरानी और घिसी-पिटी छबी से मीलों उपर उठकर युवा नेतृत्व का सामर्थ्य दिखलाया है ।आने वाले समय में भी मैं इसी प्रकार क्षेत्र की निरंतर सेवा करना चाहता हूँ । एक जनप्रतिनिधि और आपके भाई के नाते मैं अपने जीवन का कण-कण क्षेत्र और आपकी बेहतरी के लिए समर्पित कर दूंगा ढ्ढ ये मेरा वचन है । उन्होंने आगे कहा कि ये रक्षाबंधन केवल आज इस उत्सव तक ही सिमित नहीं रहेगा।भविष्य में जब कभी आपको इस भाई की जरुरत होगी, तब उस समय मैं आपके साथ दृढ़ता से खड़ा रहूँगा । ये भी वचन देता हूँ ।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा सांसद गुहाराम अजगल्ले थे । विशिष्ट अतिथियों में जिलाध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा, टिकेश्वर गवेल, सोनसाय देवांगन, अमृत साहू , सुखदेव खूटें, गणेशराम साहू, विक्रमप्रताप सिंह, दिगंबर साहू, रमेश आज़ाद एवं तीनो ब्लाक के समन्वयक उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सोनू जायसवाल, आशीष तिवारी, विशाल सराफ, पुष्पेन्द्र अजगल्ले, दुर्गेश चंद्रा, शेखर चंद्रा, मालती चंद्रा, उत्तरा सूर्यवंशी आदि का योगदान रहा

## अनमोल वचन

**मन की बात कह देने से फैसले हो जाते हैं
मन में रखने से फासले हो जाते हैं !**

# विपक्ष में सीट बटवारे का दबाव

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की मुंबई में होने वाली बैठक से पहले इसके घटक दल कांग्रेस के ऊपर दबाव बना रहे हैं। कई सहयोगी पार्टियां चाहती हैं कि मुंबई में सीट बंटवारे को लेकर चर्चा हो। कांग्रेस को इसमें कोई दिक्कत नहीं है लेकिन कांग्रेस चाहती है कि एक उप समूह बनाया जाए, जो इस संबंध में चर्चा करे और यह चर्चा राज्यवार हो। कांग्रेस नहीं चाहती है कि सारी चर्चा सबके सामने हो। उसके नेताओं का कहना है कि तमिलनाडु में सीट बंटवारे पर चर्चा करनी है तो उसमें बिहार, झारखंड के नेताओं का रहना जरूरी नहीं है। इसी तरह बिहार की चर्चा में महाराष्ट्र के नेताओं के रहने का कोई मतलब नहीं है। इसलिए हो सकता है कि मुंबई में शुरुआती चर्चा हो और अंतिम बातचीत उप समूह की बैठक में हो।

असल में कांग्रेस को सहयोगी पार्टियों की ओर से दबाव झेलना पड़ रहा है। उसकी सारी सहयोगी पार्टियां ज्यादा सीट मांग रही हैं और सबका तर्क यह है कि कांग्रेस तो पूरे देश की पार्टी है लेकिन प्रादेशिक पार्टियों को तो सिर्फ एक या दो राज्य की राजनीति करनी है। इसलिए उसे ज्यादा सीट मिलनी चाहिए। कई राज्यों में प्रादेशिक पार्टियां कांग्रेस के कमजोर संगठन और नेतृत्व की कमी के आधार पर उसे कम सीट लड़ने के लिए कह रही हैं। अगर इन तर्कों से सीटों का बंटवारा होगा तो कांग्रेस को बड़ा नुकसान उठाना पड़ेगा। दूसरी ओर कांग्रेस राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा और कर्नाटक की जीत का हवाला देकर ज्यादा सीटों पर दावा कर रही है। कांग्रेस को सबसे ज्यादा मुश्किल बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र और दिल्ली व पंजाब में आ रही है। महाराष्ट्र में अब तक कांग्रेस और एनसीपी मिल कर लड़ते थे इस बार शिव सेना भी गठबंधन में शामिल है। सो, राज्य की 48 लोकसभा सीटें तीन हिस्सों में बंटनी हैं। ऊपर से शिव सेना ने प्रकाश अंबेडकर की पार्टी से भी तालमेल कर लिया है इसलिए वह ज्यादा सीट चाहती है। पिछली बार भाजपा से गठबंधन में वह 23 सीटों पर लड़ी थी। महाराष्ट्र की तरह बिहार में भी गठबंधन का दायरा बढ़ गया है। पिछली बार सिर्फ राजद और कांग्रेस लड़े थे इस बार जदयू भी गठबंधन में है। तभी राज्य की 40 में से कांग्रेस की आठ सीटों का मांग भी पूरी होने के आसार नहीं दिख रहे हैं। उसके सहयोगी चार या पांच पर राजी हो रहे हैं। झारखंड में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लग रहा है कि उनकी पार्टी जेएमएम विधानसभा की सबसे बड़ी पार्टी है इसलिए लोकसभा में भी उसे ज्यादा सीटों पर लड़ना चाहिए। वे कांग्रेस से ज्यादा सीट पर लड़ना चाहते हैं और ऐसी सीटों पर भी उम्मीदवार आगे किया है, जहां कांग्रेस जीतती रही है और पिछली बार भी बहुत कम अंतर से हारी है। बताया जा रहा है कि सात-सात सीटों का बंटवारा चाहते हैं और यह भी चाहते हैं कि राजद को कांग्रेस अपने कोटे से सीट दे। उधर आम आदमी पार्टी की ओर से दिल्ली में दो और पंजाब में पांच से छह सीट का प्रस्ताव दिया जा रहा है। दिल्ली में तो दोनों पार्टियां जीरो पर हैं लेकिन पंजाब में पिछली बार कांग्रेस के आठ सांसद जीते थे। वह कम से कम आठ सीटों पर लड़ना चाहती है। लेकिन आम आदमी पार्टी 92 विधानसभा सीट के प्रचंड बहुमत के दम पर ज्यादा सीट मांग रही है।

## राशिफल

**मेष राशि-** आज का दिन अच्छा रहेगा। आज अचानक घर पर कोई करीबी रिश्तेदार आ सकते है, जिससे घर में खुशी का माहौल रहेगा। इस राशि के बिल्डर्स को आज धनलाभ होगा साथ ही नया कॉन्ट्रेक्ट भी मिल सकता है। पहले से बनायी हुई सारी योजनाएं आज पूरी हो जाएंगी।

**वृष राशि-** आज का दिन सफलता दिलाने वाला रहेगा। किसी जरूरी काम के पूरा होने पर बधाईयां देने के लिए लोगों का आवागमन लगा रहेगा। आज किसी पुराने मित्र से मिलने उसके घर जा सकते हैं। जो आपकी निजी समस्याओं को दूर करने में मदद कर सकता है ।

**मिथुन राशि-** आगे बढ़ने के लिए आज का दिन बेस्ट है। कई दिनों से आपकी तरक्की में आ रही रूकावटें आज दूर हो जाएंगी । परिवार में आज सुख-शांति का माहौल बना रहेगा। आज जीवनसाथी को कहीं बाहर घूमने ले जाने का वादा कर सकते हैं। बच्चों की सफलता से आज खुद को गौरवान्वित महसूस करेंगे। आज किसी अनजान पर भरोसा न करें।

**कर्क राशि-**आज का दिन आप के लिए अनुकूल रहेगा। ऑफिस में आज किसी बड़े काम की जिम्मेदारी आपके कंधे पर आ सकती है। आज सामने आई सभी चुनौतियों का डटकर मुकाबला करेंगे तो सफलता अवश्य हाथ लगेगी। जीवनसाथी के साथ घर पर ही मूवी को देखने का प्लान बना सकते है, जिससे रिश्ते में मधुरता बढ़ेगी।

**सिंह राशि-** आज जिस काम को पूरा करना चाहेंगे वो आसानी से पूरा हो जाएगा। आज आपका स्वास्थ्य उत्तम रहने वाला है। किसी काम को करने में आज जल्दबाजी करने से बचें । बिजनेस के सिलसिले में आपको यात्रा करनी पड़ सकती है। आज शाम को बच्चों के साथ पार्क में घूमने जाएंगे।

**कन्या राशि-** आज तकदीर आपके साथ रहेगी। जिस काम को कई दिनों से पूरा करने की सोच रहें है वो आज किसी मदद से पूरा हो जाएगा। आज किसी दूसरे के काम में राय देने से बचें। आज दूसरों से बात करते समय सही भाषा का प्रयोग करें। अगर आज पहले से ली हुई जमीन को बेचना चाह रहे हैं तो आपको इससे काफी फायदा हो सकता है।

**तुला राशि-** आज का दिन खुशियों भरा रहेगा। आज पारिवारिक रिश्तों में मिठास आएगी। आज परिवार के साथ बाहर घूमने का प्लान भी बन सकता है। राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लागों का आज मान-सम्मान बढ़ेगा। आज आपकी धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी ।

**वृश्चिक राशि-** आज आपका मन पूजा-पाठ में अधिक लगा रहेगा। आज माता-पिता के साथ मंदिर में जाने का प्लान बना सकते हैं। कई दिनों से चली आ रही परेशानियां आज खत्म होगी। इस राशि के नौकरीपेशा लोगों को आज सुनहरा मौका मिलेगा।

**धनु राशि-** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले स्टूडेंट के लिए आज सफलता मिलना निश्चित है। जॉब की तलाश कर रहे लोगों की तलाश समाप्त होगी। आज घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा, परिवार सहित अलग-अलग पकवानों का आनंद उठाएंगे। आपके व्यापार को कोई बड़ी डील मिल सकती है।

**मकर राशि-**आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। लॉ कर कर रहे विद्यार्थियों के लिए आज का दिन अनुकूल रहने वाला है, किसी बड़े वकील के यहां इन्टर्न करने का मौका मिलेगा। पेरेंट्स आज बच्चों की जरूरत का सामान खरीदने मार्केट जाएंगे। जीवनसाथी आपसे किया कोई वादा आज पूरा करेंगे, जिससे पूरे दिन आपके चेहरे पर प्रसन्नता रहेगी।

**कुंभ राशि-** अगर आप नौकरी कर रहें तो आज ट्रांसफर किसी ऐसे स्थान पर हो सकता है, जहां से अप-एण्ड-डाउन करने में आसानी होगी। पारिवारिक कामों को करने में घर के सभी सदस्यों का सहयोग प्राप्त होगा। आज आपका समय परिवार के साथ बीतेगा 7 साथ ही कहीं बाहर घूमने-फिरने का प्लान बना सकते हैं।

**मीन राशि-** आज दिन बहुत अच्छा रहेगा। सड़क पर चलते समय आप सतर्क रहें। इस राशि छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा है उनकी पढ़ाई में आ रही समस्याएं दूर होगी। नतीजों की चिंता किए बिना मेहनत करेंगे तो कामयाबी अवश्य मिलेगी। लवमेट्स के लिए आज का दिन बढ़िया है । समाजहित में पहले किए गए किसी कार्य के लिए आज आपको सम्मानित किया जाएगा।

# भारत की जी-20 की अध्यक्षता में एक समावेशी वैश्विक स्वास्थ्य संरचना की आधारशिला रखी गयी

//डॉ. मनसुख मंडाविया//

**भारत नई दिल्ली में 18वें जी20 राष्ट्रोध्यक्षों और शासनाध्यक्षों के शिखर सम्मेलन की मेजबानी की तैयारी कर रहा है। इस परिदृश्य में हमें यह स्वीकार करना चाहिए कि वास्तव में समावेशी और समग्र सार्वभौमिक स्वास्थ्य संरचना के निर्माण के लिए ग्लोबल साउथ और ग्लोबल नॉर्थ को जोड़ने वाले सेतु की आधारशिला रखी जा चुकी है, जब भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गांधीनगर में आयोजित स्वास्थ्य मंत्रिस्तरीय बैठक में कहा, हमें अपने नवाचारों का जनकल्याण के लिए उपयोग करना चाहिए। हमें वित्तपोषण के दोहराव से बचना चाहिए। हमें प्रौद्योगिकी की न्यायसंगत उपलब्धता की सुविधा प्रदान करनी चाहिए। यह देखकर खुशी होती है कि शक्तिशाली अंतरराष्ट्रीय मंच के सदस्यों ने महामारी के वर्षों के दौरान और उसके बाद से अर्जित सामूहिक ज्ञान के आधार पर कार्य करने के लिए एक लंबा सफर तय किया है - वास्तविक स्वतंत्रता तभी शुरू होती है, जब पूरी मानवता के स्वास्थ्य के साथ कोई समझौता नहीं किया जाता है। यदि कोई वायरस तबाही मचाने का फैसला करता है और हम इसका मुकाबला करने के लिए तैयार नहीं हैं, तो समाज किसी भी स्तर की आर्थिक खुशहाली का आनंद नहीं ले सकता है। यह बात, भारत की जी20 अध्यक्षता के तहत महत्वपूर्ण स्वास्थ्य प्राथमिकताओं पर विचार-विमर्श की अंतर्निहित अवधारणा रही है।**

मंत्रियों, वरिष्ठ नीति निर्माताओं और बहुपक्षीय एजेंसियों ने स्पष्ट तौर पर भारत की जी20 स्वास्थ्य प्राथमिकताओं का समर्थन किया है, जो सभी की स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच और उनकी क्षमताओं की जटिलताओं पर प्रकाश डालता है। इस प्रक्रिया में, हम बात पर एक व्यापक सहमति बनाने में सफल रहे हैं कि भविष्य की स्वास्थ्य आपात स्थितियों को रोकने, इसके लिए तैयार रहने और इसका मुकाबला करने के लिए सामूहिक वैश्विक कार्रवाई ही आगे का रास्ता है और महामारी से उबरने की प्रक्रिया न्यायसंगत होनी चाहिए।

स्वास्थ्य पर कुछ महत्वपूर्ण वैश्विक कार्रवाइयों में शामिल हैं, चिकित्सा उपाय प्लेटफार्म के सिद्धांतों और संरचना पर आम सहमति बनाना, जो टीकों, उपचार, निदान और अन्य समाधानों तक पहुंच से जुड़ी मौजूदा असमानताओं में कमी ला सकता है और जिन्हें स्वास्थ्य संकटों से निपटने में प्रभावी उपाय माना जाता है; डिजिटल स्वास्थ्य पर एक वैश्विक पहल, जो देशों की डिजिटल स्वास्थ्य पहल की प्रगति की इस प्रकार सहायता करे कि अपने विशिष्ट संदर्भ में अन्य देशों के लिए समाधान अपनाने में अंतर को कम किया जा सके; इस बारे में अपनी समझ विकसित करना कि जलवायु और स्वास्थ्य एक-दूसरे को कैसे प्रभावित करते हैं, ताकि विशिष्ट समाधानों को प्राथमिकता दी जा सके; और पारंपरिक औषधियों के हमारे भंडार से जानकारी प्राप्त करना, ताकि हमारे भविष्य का स्वास्थ्य हमारे अतीत के ज्ञान से लाभ उठा सके।

प्रतिरोधी चिकित्सा उपाय प्लेटफ़ॉर्म की आवश्यकता

दुनिया भर में कोविड-19 टीकाकरण और नैदानिक चिकित्सा ने हमारी निहित असमानताओं को उजागर किया है, जिन्हें हमें दूर करना होगा। आपस में अत्यधिक जुड़ी हुई दुनिया में, किसी देश में रोगाणुओं का खतरा, पूरी दुनिया के लिए खतरा है और हमें सिद्धांतों तथा एक वैश्विक संरचना पर सहमत होना चाहिए, जो टीकों, नैदानिक परीक्षणों, दवाओं और अन्य समाधानों तक न्यायसंगत और समय पर पहुंच में सभी देशों को सक्षम बना सके।

ऐसा वैश्विक प्लेटफार्म समावेशी होना चाहिए, जिसका अर्थ है कि यह उन देशों को ध्यान में रखता है, जो समाधान तक पहुंच में बाधाओं का सामना करते हैं; कुशल होना चाहिए, जिसका अर्थ है कि यह मौजूदा क्षमताओं और नेटवर्क पर तेजी से आगे बढ़ता है; कार्यकुशल और अनुकूल होना चाहिए; जिसका अर्थ है कि इसमें बदलती जरूरतों और वैज्ञानिक प्रमाणों के अनुसार तेजी से अनुकूलन करने के लिए अंतर्निहित लचीलापन है; और जवाबदेह होना चाहिए; जिसका अर्थ है कि एक पारदर्शी संरचना में स्पष्ट और साझा जिम्मेदारी है। इसे शीघ्रता से किफायती चिकित्सा समाधान उपलब्ध कराने चाहिए। जी20 के माध्यम से, हमने डब्ल्यूएचओ के नेतृत्व में ऐसे प्लेटफार्म को लागू करने के परामर्श के लिए एक अंतरिम व्यवस्था के निर्माण पर बिना किसी देरी के अपनी प्रतिबद्धता जताई है, जहाँ निम्न और मध्यम आय वाले देशों का पर्याप्त प्रतिनिधित्व हो, ताकि अगली स्वास्थ्य आपात स्थिति से मुकाबले के लिए हम पूरे तरह तैयार रहें।

जी-20 देशों ने विशेष रूप से विकासशील देशों में टीकों, चिकित्सीय और नैदानिक उत्पादों की क्षेत्रीय विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाने के साथ-साथ सामूहिक रूप से अनुसंधान एवं विकास के एक इकोसिस्टम को विकसित करने की आवश्यकता पर जोर दिया है, ताकि स्वास्थ्य-आपातकालीन स्थितियों में बाजार की विफलताओं से बचा जा सके। डिजिटल स्वास्थ्य पर वैश्विक पहल का शुभारंभ सार्वभौमिक स्वास्थ्य देखभाल के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में, डिजिटल स्वास्थ्य सबसे शक्तिशाली उपायों में से एक के रूप में उभरा है। महामारी के दौरान हमने भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य में डिजिटल उपकरणों की परिवर्तनकारी क्षमता का अनुभव किया है। कोविड-19 के दौरान, डिजिटल जनकल्याण उपायों के रूप में परिकल्पित को-विन और ई-संजीवनी जैसे प्लेटफॉर्म पूर्ण रूप से गेम-चेंजर साबित हुए, जिसने एक अरब से अधिक लोगों तक, जिनमें सबसे कमजोर समुदाय भी शामिल थे, टीकों और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच के तरीके को पूरी तरह से लोकतांत्रिक बना दिया। भारत पहले से ही एक राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य इकोसिस्टम - आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) ङ्क तैयार कर रहा है, जो मरीजों को उनके मेडिकल रिकॉर्ड का संग्रह करने, मेडिकल रिकॉर्ड तक पहुँच प्राप्त करने और उचित उपचार व अनुवर्ती चिकित्सा सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के साथ मेडिकल रिकॉर्ड साझा करने का अधिकार देता है।

120 से अधिक देशों ने अपनी राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य नीतियां या रणनीतियां विकसित की हैं, जो कम आय वाले देशों सहित दुनिया भर में डिजिटल स्वास्थ्य उपकरणों की जरूरत को दर्शाती हैं। लेकिन कुछ समय पहले तक, देशों के पास डिजिटल स्वास्थ्य पहल पर ज्ञान के आदान-प्रदान के लिए कोई आम प्लेटफार्म और भाषा नहीं थी, जबकि वे ऐसा करना चाहते थे। डिजिटल स्वास्थ्य में इस तरह से अलग-अलग से कार्य करने का मतलब है कि समान उत्पाद का कई रूपों में दोहराव होना है। भारत की जी-20 अध्यक्षता के तहत 19 अगस्त को डिजिटल स्वास्थ्य पर डब्ल्यूएचओ के नेतृत्व वाली वैश्विक पहल (जीआईडीएच) के लॉन्च के बाद इस स्थिति में बदलाव होना निश्चित है। इस पहल पर जी-20 देशों के सर्वसम्मत समर्थन ने यह सुनिश्चित किया है कि दुनिया, निर्णायक रूप से देशों के बीच बढ़ते डिजिटल-विभाजन को पाटने के लिए, एक विभाजित डिजिटल स्वास्थ्य व्यवस्था से वैश्विक डिजिटल स्वास्थ्य व्यवस्था की ओर आगे बढ़ेगी।

इस पहल का उद्देश्य देशों को उच्च गुणवत्ता वाली डिजिटल स्वास्थ्य प्रणालियों की योजना बनाने और उन्हें लागू करने में सहायता करना और मरीजों को गोपनीयता और नैतिकता के उच्चतम सम्मान के साथ जन-केंद्रित दृष्टिकोण के आधार पर स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच की सुविधा प्राप्त करने में मदद करना है। इस तरह की संरचना को साधन प्रदान करने चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि दुनिया भर में लोगों को दी जाने वाली डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता एक निश्चित मानक पूरा कर रहीं हैं; देशों की डिजिटल स्वास्थ्य यात्रा को समझने और साझा करने के लिए एक मंच बनाया जा रहा है तथा उनकी जरूरतों को इस तरह से उजागर किया जा रहा है कि एक देश दूसरे देश से सीख सकें और सभी के लिए स्वास्थ्य की इस यात्रा की दूरी कम की जा सके। सभी क्षेत्रों में जलवायु संबंधी जागरूकता होने के बावजूद, मानव स्वास्थ्य, पशु स्वास्थ्य और पौधों के स्वास्थ्य को कवर करने वाले वन-हेल्थ परिदृश्य में जलवायु, स्वास्थ्य को कैसे प्रभावित करती है तथा इनका आपसी संबंध क्या है, को अभी तक पूरी तरह से समझा नहीं जा सका है। भारत की अध्यक्षता ने पहली बार जी-20 के माध्यम से इन अदृश्य कड़ियों को सुलझाने की आवश्यकता को स्वीकार किया है, ताकि हम समाधानों को प्राथमिकता दे सकें। जी-20 देशों ने निम्न कार्बन उत्सर्जन, उच्च-गुणवत्ता वाले स्थाई और जलवायु सहनीय स्वास्थ्य प्रणालियों को प्राथमिकता देने के लिए प्रतिबद्धता जताई है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हमारा स्वास्थ्य क्षेत्र ऐसे समय में पीछे न रह जाये, जब सभी क्षेत्र नेट-जीरो लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अपना योगदान दे रहे हैं। हमारे परिणाम दस्तावेज़ में, जी-20 देशों ने वन-हेल्थ दृष्टिकोण के माध्यम से जीवाणु-रोधी प्रतिरोध (एएमआर) से निपटने का भी वादा किया गया है।

पारंपरिक चिकित्सा की भूमिका

ऐसे समय में जब दुनिया भर में समग्र स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने वाली एकीकृत चिकित्सा के क्षेत्र में क्रांति हो रही है, तो हमारा मानना है कि शक्तिशाली पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों को पुनर्जीवित करना और जी-20 जैसे वैश्विक समूहों के माध्यम से मानवता को उनके अप्रयुक्त लाभों की पेशकश करना हमारी जिम्मेदारी है। पिछले साल, हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के जामनगर में पारंपरिक चिकित्सा के डब्ल्यूएचओ-वैश्विक केंद्र का उद्घाटन किया और दुनिया के लिए हमारे प्राचीन आरोग्य ज्ञान के दरवाजे खोले। स्वास्थ्य में साक्ष्य-आधारित पारंपरिक और पूरक चिकित्सा की संभावित भूमिका की पहचान करते हुए हम जी-20 में सदस्य देशों के साथ उस विरासत को आगे ले जा रहे हैं।

एक कालातीत श्लोक के अनुसार, आरोग्यम परमं भाग्यम्, स्वास्थ्य सर्वार्थ साधनम्, जिसका अर्थ है निरोगी होना परम भाग्य है और स्वास्थ्य से अन्य सभी कार्य सिद्ध होते हैं।, महामारी के अनुभव के बाद, जी-20 में हमने इस पर ध्यान दिया है और निर्णय लिया है कि अब कार्रवाई करने का समय आ गया है।

# ट्रंप जैसा ही सतही, ओछा विवेक रामास्वामी

//श्रुति व्यास//

**रिपब्लिकन पार्टी की राष्ट्रपति चुनाव की उम्मीदवारी हासिल करने के लिए पहली प्राईमरी बहस पिछले सप्ताह हुई। मंच पर आठ उम्मीदवार थे, जिनमें डोनाल्ड ट्रम्प शामिल नहीं थे। सबके भाषणों में ढेर सारी कटुता थी। दो घंटे तक सब ने एक-दूसरे पर व्यक्तिगत हमले किए। कुछ का व्यवहार ऐसा था मानों उन्हें दूसरों को घाव देने में मज़ा आ रहा हो तो कुछ अपने-आप को सबसे पाक साफ साबित करने में जुटे हुए थे। और यह सब एक ऐसे तमाशे के लिए जिसे कोई याद नहीं रखेगा।**

लेकिन उनमें से एक सबसे हटकर थे ङ्क 38 साल के उद्यमी, नौसिखिया राजनीतिज्ञ और ट्रंप जैसे रंग-ढ़ंग वाले विवेक रामास्वामी। वे अन्य सभी उम्मीदवारों के निशाने पर थे और उन्होंने हमलों का सामना पूरे जोशोखरोश और आत्मविश्वास से किया। वे दूसरों की बातों को बीच में काट रहे थे। उन मुद्दों पर भी अपनी राय दे रहे थे जिनकी उन्हें कोई जानकारी नहीं थी। उन्होंने अन्य उम्मीदवारों को मिल रहे फायदों, उनकी ईमानदारी और उम्र को लेकर कटाक्ष किए। ट्रम्प भी डिबेट्स में यही करते थे। दूसरों पर बढ़त हासिल करने का भोंडा प्रयास। रामास्वामी इस डिबेट के स्टार बनकर उभरे और इस प्रदर्शन की बदौलत उन्होंने डिबेट के एक घंटे के अंदर अपने चुनाव अभियान के लिए 38 डालर प्रति दानदाता के औसत से 4,50,000 डालर हासिल कर लिए। वाशिंगटन पोस्ट / आईपीएसओएस द्वारा करवाए गए पोल के अनुसार विवेक रामास्वामी, रॉन डिसांटिस और निकी हैली का प्रदर्शन सबसे बेहतर रहा वहीं फाक्स न्यूज की खबर के मुताबिक रामास्वामी का नाम रिपब्लिकन पार्टी (जिसे ग्रैंड ओल्ड पार्टी ङ्क जीओपी भी कहा जाता है) के उम्मीदवारों में से गूगल सर्च पर सबसे ज्यादा खोजा गया। अचानक विवेक रामास्वामी की चर्चा घर-घर में होने लगी। ट्रंप ने सार्वजनिक रूप से उनकी तारीफ की। और मुख्यधारा की मीडिया में से कई ने उन्हें जीता हुआ घोषित कर दिया। न्यूयार्क टाईम्स की सुर्खी थी़ ''हाउ विवेक ब्रोक थ्रू़ बिग स्विंग्स विथ ए स्माइल। अखबार ने उनकी स्टाइल को 'बेकाबू आत्मविश्वास और दूसरों का अपमानित करने वाला बताया'। लेकिन सभी ने उनकी तारीफ नहीं की। दक्षिणपंथी झुकाव वाली ट्रंप-विरोधी वेबसाईट बुलवर्क ने रामास्वामी को 'सतही बातें करने वाला, मसखरा, बेशर्म, ओछा, और खुशामदखोर' बताया और कहा कि जीओपी के समर्थक इन दिनों ऐसा ही उम्मीदवार चाहते हैं।

अब रिपब्लिकन डिबेट पर वापस लौटते हैं। जहां रामास्वामी सबसे आगे थे वहीं दक्षिण केरोलिना की पूर्व गवर्नर और ट्रंप प्रशासन के दौरान संयुक्त राष्ट्रसंघ में अमेरिका की प्रतिनिधि रहीं रिपब्लिकन पार्टी की एकमात्र महिला उम्मीदवार निकी हैली बहुत पीछे नहीं थीं। हैली ने अपने आप को एक तार्किक नेता के रूप में प्रस्तुत किया और अपनी पार्टी से अनुरोध किया कि वह अतिवादी नीतियां छोड़कर यथार्थवादी रवैया अपनाए। उन्होंने रूस के यूक्रेन पर हमले के मामले में अमरीका द्वारा यूक्रेन का समर्थन करने की नीति के बारे में कहा कि यह व्यापक भूराजनैतिक रणनीति का हिस्सा है जो तृतीय विश्वयुद्ध को टालने के लिए जरूरी है। उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप को एक 'खतरा' बताते हुए जो खरी-खरी बातें कहीं, वे पहले किसी रिपब्लिकन नेता ने नहीं कहीं। ''हमें इस हकीकत का सामना करना पड़ रहा है कि ट्रंप अमेरिका के सबसे ज्यादा नापसंद किए जाने वाले राजनीतिज्ञ हैं, हैली ने कहा और यह भी कि ''हम इस तरह से चुनाव नहीं जीत सकते। परन्तु इसके लिए उन्हें वहां मौजूद लोगों की हूटिंग का सामना करना पड़ा। ट्रम्प अपनी गैर-मौजूदगी के बावजूद डिबेट में मौजूद थे। रामास्वामी ने ट्रंप को 21वीं सदी का महानतम राष्ट्रपति बताया, वहीं माईक पेंस ने कहा कि उन्हें ट्रंप-पेन्स प्रशासन की उपलब्धियों पर गर्व है। ट्रंप की अनुपस्थिति का बहस की रेटिंग पर प्रभाव पड़ा।

## गठबंधन की तस्वीर साफ हो रही है

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की पार्टियों का स्टैंड साफ हो रहा है। कई राज्यों में चल रहे उपचुनावों में पार्टियों ने जिस तरह का स्टैंड लिया है उससे गठबंधन की एक तस्वीर उभर रही है। माना जा रहा है कि पश्चिम बंगाल की धुपगुड़ी विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव के नतीजों से तय होगा कि राज्य में 'इंडिया' एकजुट होकर लड़े या रणनीतिक कारणों से सीपीएम व कांग्रेस साथ लड़ कर चुनाव को त्रिकोणात्मक बनाएं। गौरतलब है कि धुपगुड़ी सीट पर कांग्रेस ने सीपीएम उम्मीदवार को समर्थन देने का ऐलान किया है। दोनों पार्टियां साझा प्रचार करके चुनाव को त्रिकोणात्मक बनाए हुए हैं। भाजपा के विधायक के निधन से सीट खाली हुई है लेकिन सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस इस सीट को हासिल करने के लिए जी तोड़ प्रयास कर रही है। यह देखना दिलचस्प होगा कि कांग्रेस और सीपीएम के साथ लड़ने का क्या असर चुनाव पर होता है। अगर दोनों पार्टियां मिल कर इतना वोट काटती हैं, जिससे भाजपा जीत जाती है तो गठबंधन के एकजुट होकर लड़ने की जरूरत दिखाई देगी। लेकिन जानकार नेताओं का कहना है कि सीपीएम और कांग्रेस मिल कर जो वोट काटेंगे उसका नुकसान भाजपा को होगा।

## तस्वीरों की दुनिया



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली में रक्षा बंधन के अवसर पर स्कूली छात्रों के साथ बातचीत करते हुए।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति भवन में रक्षा बंधन उत्सव के अवसर पर एक छात्र को तिकाल लगाती हुई।



नई दिल्ली में रक्षा बंधन त्योहार के अवसर पर एक लड़की ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को राखी बांधी।



नई दिल्ली में रक्षा बंधन त्योहार के अवसर पर एक कार्यक्रम के दौरान लड़कियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।



नई दिल्ली में रक्षा बंधन त्योहार के अवसर पर एक लड़की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राखी बांधती हुई।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर बाराबंकी जिले में लोधेश्वर महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना की।



कर्नाटक के मैसूरु में एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, डीसीएम डीके शिवकुमार और अन्य कांग्रेस नेता राज्य सरकार की गृह लक्ष्मी योजना के उद्घाटन और कांग्रेस सरकार के 100 दिन पूरे होने के जश्न के लिए एक

# टिकट के लिए भाजपा दावेदारों की बढ़ने लगी धड़कनें, दिल्ली तक दौड़ लगा रहे नेता



**गुना, 31 अगस्त [एजेंसी]।**

भाजपा ने हारी हुई सीटों को आकांक्षी विधानसभा क्षेत्र में रखते हुए पिछले दिनों उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की है। लेकिन इससे जिले की अन्य तीन विधानसभा क्षेत्रों में मजबूती से दावेदारी करने वालों की धड़कन बढ़ा दी है। खासकर, चांचौड़ा विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक ममता मीना का टिकट कटने से दावेदार पशोपेश में हैं। हालात यह है कि कई दावेदार प्रदेश से दिल्ली तक दौड़ लगाते नजर आ रहे हैं। दरअसल, इस बार भाजपा का टिकट को लेकर ट्रेंड बदला हुआ दिख रहा है। क्योंकि, प्रदेश में चुनाव की कमान केंद्र के हाथों में होने से स्थानीय नेता भी किसी दावेदार को भरोसा दिलाने का दंभ तक नहीं भर पा रहे हैं।

क्योंकि, पार्टी की पहली सूची में चांचौड़ा में प्रत्याशी को लेकर जो फेरबदल हुआ है, उससे लग रहा है कि भाजपा पूरी तरह सर्वे के आधार पर ही टिकट दे रही है। लेकिन चांचौड़ा के घटनाक्रम के बाद गुना, बमोरी और राघौगढ़ में टिकट की दावेदारी में जुटे नेताओं की सांसें भी फूली हुई हैं। हालांकि, दावेदार अपने स्तर पर सामाजिक, धार्मिक और राजनैतिक कार्यक्रमों में आगे रहकर सक्रियता बनाए हुए हैं, लेकिन उम्मीदवारी को लेकर संशय की स्थिति में नजर आ रहे हैं। कांग्रेस से भाजपा में आए एक नेता के बारे में सुनने में आया कि उन्होंने दावेदारी को मजबूत करने चंद समर्थकों के साथ दिल्ली तक दौड़ लगा दी है।

वहीं कई छोटे-बड़े पार्टी के नेता भी किसी नेता के जन्मदिन, धार्मिक कार्यक्रमों में स्वागत के बैनर-पोस्टरों के माध्यम से दम भरते दिख रहे हैं, तो लिंक जोड़ते हुए दावेदारी जताने में जुटे हैं। उम्मीदवार चयन में भाजपा-कांग्रेस की मशक्कतः एक ओर भाजपा के सामने दावेदारों की भीड़ से एक उम्मीदवार चुना जाना है, तो कांग्रेस को भी प्रत्याशी चयन में मशक्कत करना पड़ रही है। चांचौड़ा के बाद भाजपा को राघौगढ़, गुना और बमोरी में उम्मीदवार घोषित करना है। इसमें राघौगढ़ को छोड़ दें, तो गुना व बमोरी में दावेदारों के नाम ज्यादा हैं, जिससे पार्टी के सामने सामंजस्य बैठाकर प्रत्याशी घोषित करना होगा। इधर, उक्त दोनों विधानसभा में कांग्रेस को भी उम्मीदवार चयन में काफी मेहनत करना पड़ रही है। क्योंकि, यहां भीड़ तो है, लेकिन दमदार प्रत्याशी को चुनना चुनौती है।

# पलामू टाइगर रिजर्व के इलाके से 4 देसी बंदूक के साथ चार तस्कर गिरफ्तार, मौके से दस लाख की लकड़ी भी जब्त



**गारू-लातेहार, 31 अगस्त [एजेंसी]।**

पलामू टाइगर रिजर्व के गारू पश्चिमी वन क्षेत्र के सुरकुमी गांव में रेंजर तरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में छापेमारी की गई। इस दौरान चार देसी बंदूक के साथ चार तस्कर गिरफ्तार किए गए। इनके पास से करीब दस लाख की लकड़ी बरामद की गई है। बताया गया कि रेंजर तरुण कुमार सिंह को गुप्त सूचना मिली थी कि पलामू टाइगर रिजर्व के गारु पश्चिमी वन क्षेत्र में वन तस्कर बड़े पैमाने पर जंगली लकड़ी की तस्करी करने वाले हैं। सूचना के बाद रेंजर ने टीम बनाकर सुरकुमी गांव में विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की। लगभग 10 लाख रुपये की लकड़ी बरामद की गई। छापेमारी टीम ने गांव से ही दो तस्करों को गिरफ्तार किया।

इनकी निशानदेही पर टीम ने दोबारा छापेमारी कर दो अन्य तस्करों को भी गिरफ्तार किया।इनके पास से चार अवैध देसी बंदूक बरामद किए गए। गिरफ्तार तस्करों में पारा शिक्षक रमेश कुमार गुप्ता, गौतम कुमार, बालेश्वर लोहरा और किशुन बृजिया शामिल हैं।

सभी तस्कर गारू थाना क्षेत्र के ही रहने वाले हैं। रेंजर ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर कुछ ग्रामीणों को प्रलोभन देकर जंगल की कीमती लकड़ियों को कटवा कर तस्करी करते थे। पलामू टाइगर रिजर्व में बड़े पैमाने पर कीमती लकड़ियां पाई जाती हैं।इनमें शीशम, सागवान, बीया समेत कई अन्य प्रकार की लकड़ियां भी शामिल हैं। इनकी बाजार में काफी अधिक मांग है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार वन तस्करों द्वारा जंगलों को काफी नुकसान पहुंचाया जा रहा था।छापेमारी टीम में रेंजर तरुण कुमार सिंह, वनपाल प्रेमजीत तिवारी, अमृत कुमार, वनरक्षी अरुण कुमार, विशाल कुमार सिंह पंकज पाठक बिपिन कुमार समेत कई लोग शामिल थे।

# घाटी में बदलेगा मौसम का मिजाज, मिलेगी गर्मी से निजात, अगले दो दिनों के लिए अलर्ट जारी

**श्रीनगर, 31 अगस्त [एजेंसी]।**



घाटी में दो सितंबर से मौसम में परिवर्तन आ कई स्थानों पर बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के उपनिदेशक डॉ मुख्तार ने कहा कि घाटी के वायुमंडल में मौजूद पश्चमी विक्षोभ 2 सितंबर को सक्रिय होगा जिसके प्रभाव के चलते घाटी के कई स्थानों पर हल्की से सामान्य दर्जे की बारिश हो सकती है। डॉ मुख्तार ने कहा कि विक्षोभ का प्रभाव 3 सितंबर शाम तक रहेगा और इस बीच तापमान में भी थोड़ी गिरावट आएगी। इधर बुधवार को भी घाटी में मौसम के मिजाज शुष्क बने रहे और इस बीच श्रीनगर समेत अधिकांश इलाकों में दिनभर तेज धूप छाई रही।

हालांकि श्रीनगर छोड़ घाटी के अधिकांश इलाकों में तापमान आज भी सामान्य से नीचे बना रहा।इस बीच मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान घाटी में मौसम के मिजाज शुष्क बने रहने की संभावना जताई है। वहीं मौसम विभाग के अनुसार श्रीनगर में अधिकतम तापमान सामान्य से 1 डिग्री सेल्सियस ऊपर 30.5 व न्यूनतम तापमान 13.7 डिग्री सेल्सियस, काजीगुंड में अधिकतम तापमान सामान्य से 2 डिग्री सेल्सियस कम 29.2 व न्यूनतम तापमान 11.2 डिग्री सेल्सियस। पहलगाम में अधिकतम तापमान सामान्य से 0.5 डिग्री सेल्सियस कम 25.6 व न्यूनतम तापमान 8.6 डिग्री सेलसियस, कुपवाड़ा में अधिकतम तापमान सामान्य से 0.2 डिग्री सेल्सियस कम 30.3 व न्यूनतम तापमान 11.9 डिग्री सेल्सियस, कुकरनाग में अधिकतम तापमान सामान्य से 2 डिग्री सेल्सियस कम 28.7 व न्यूनतम तापमान 12.3 डिग्री सेल्सियस जबकि गुलमर्ग में अधिकतम तापमान सामान्य से 1 डिग्री सेल्सियस कम 19.4 व न्यूनतम तापमान 10.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया।

# हेलीकॉप्टर क्रैश की वजह से छह यूक्रेनी सैनिकों की मौत, डोनेस्क क्षेत्र में हुआ हादसा

**कीव, 31 अगस्त [एजेंसी]।**



पिछले डेढ़ सालों से रूस-यूक्रेन युद्ध जारी है। इस युद्ध में दोनों देशों के हजारों सैनिक जंग-ए- मैदान एक दूसरे के खिलाफ लड़ रहे हैं। बुधवार को यूक्रेन की सेना ने जानकारी दी कि पूर्वी यूक्रेन में युद्ध के दौरान दो एमआई-8 हेलीकॉप्टरों पर सवार छह यूक्रेनी सैनिक मारे गए। सेना ने ये जानकारी नहीं दी कि आखिर इस हादसे की पीछे की वजह क्या है। टेलीग्राम पर सैन्य बयान में जानकारी दी गई कि ये सभी सैनिक रूस के कब्जे वाले पूर्वी शहर बखमुत के इलाके में मिशन को अंजाम दे रहे थे, तभी इस हादसे में उनकी मौत हो गई। यूक्रेनस्का प्रावदा ने कहा कि यह घटना डोनेट्स्क क्षेत्र के क्रामाटोर्स्क शहर के पश्चिम में एक बड़े शहर क्रामाटोरस्क के पास हुई है। यूक्रेनस्का प्रावदा ने आगे बताया कि दोनों हेलीकॉप्टर पूरी तरह से नष्ट हो गए। इससे पहले रूसी गवर्नर ने जानकारी दी थी कि युक्रेनी ड्रोन ने एस्टोनिया और लातविया की सीमा के पास रूस के पश्चिमी प्सकोव क्षेत्र में एक हवाई अड्डे पर हमला किया, जिससे इलाके में भीषण आग लग गई।

रूसी रक्षा मंत्रालय के मुकाबिक, ओर्योल, ब्रांस्क, रियाजान, कलुगा और रूसी राजधानी के आसपास के मॉस्को क्षेत्र में अधिक यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए गए। वहीं, यूक्रेनी अधिकारियों ने बताया की बुधवार सुबह कीव पर हुए रूसी हमले में दो लोगों की मौत हो गई है।

# केरल में तीन बहनों को तालाब में नहाना पड़ा महंगा, डूबने से तीनों महिलाओं की हुई मौत




**पलक्कड़, 31 अगस्त।**

केरल के पलक्कड़ जिले में तीन महिलाओं की तालाब में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने जानकारी दी कि बुधवार को उत्तरी केरल के पलक्कड़ जिले में एव विशाल तालाब में नहाने गई तीन महिलाओं की डूबने से मौत हो गई है। जानकारी के मुताबिक, यह घटना आज दोपहर (30 अगस्त) मन्नारक्कड़ के सटे नट्टुकल पुलिस स्टेशन सीमा के अंतर्गत एक गांव में घटी। पुलिस ने आगे बताया कि तीनों मृतक बहनें हैं और उनकी पहचान रामशीना (23), नशीदा (26) और रिंशी (18) के रूप में की गई है।

पुलिस ने आगे जानकारी दी कि इन तीन महिलाओं ने से दो शादीशुदा थे और ओणम पर अपने माता-पिता के घर आए थे। एक स्थानीय व्यक्ति ने कहा कि यह त्रासदी तब हुई जब उनमें से एक तालाब में फिसल गई और उसे बचाने के लिए दोनों बहनें तालाब में कूद पड़ीं। डूबने की खबर जैसे ही स्थानीय लोगों तक पहुंची लोगों ने महिलाओं को तालाब से बाहर निकाला और एक अस्पताल ले गए, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी।

# सोशल मीडिया पर दोस्ती, शादी फिर मतांतरण और तीन तलाक... न्याय की गुहार लेकर थाने पहुंची पीड़िता

**ठाणे, 31 अगस्त [एजेंसी]।**



महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पहचान छुपाकर 27 वर्षीय महिला से शादी करने, उसका जबरन मतांतरण कराने और फिर उसे तीन तलाक देने का मामला सामने आया है। आरोपित राजू उर्फ सिराज कुरैशी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उसे अभी गिरफ्तार नहीं किया गया है।वह भिवंडी का रहने वाला है। प्राथमिकी के अनुसार, पीड़ित महिला 2018 में अपने पति से अलग हो गई थी। स्वयं ही अपना और अपनी सात वर्षीय बेटी का पालन पोषण कर रही थी। उसकी 2019 में इंटरनेट मीडिया के जरिये आरोपित से दोस्ती हुई और उसने अपना नाम राजू बताया। राजू ने महिला को बताया कि उसका भिवंडी में एक होटल है। उसने शादी करने का प्रस्ताव भी दिया। उसने 2020 में एक लॉज में महिला के साथ दुष्कर्म किया। अधिकारी ने प्राथमिकी के हवाले से बताया कि 26 जनवरी 2020 को उसने हिंदू रीति-रिवाज से महिला से शादी कर ली। शादी के एक साल बाद आरोपित ने महिला को बताया कि उसका असली नाम सिराज कुरैशी है। उसने कहा कि यदि वह उसके साथ रहना चाहती है तो वह इस्लाम धर्म अपना ले।

महिला ने उसकी यह बात मान ली और फिर दोनों ने पिछले मई माह में फिर से शादी कर ली।अधिकारी ने कहा कि इस साल मई में कुरैशी ने महिला से कहा कि वह पहले से शादीशुदा है। उसके चार बच्चे हैं। यदि वह इस रिश्ते में रहा तो अपनी पुश्तैनी जायदाद को खो देगा। फिर उसने महिला को तीन तलाक दे दिया। महिला ने पुलिस में शिकायत की, जिसके बाद कुरैशी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

# झारखंड में गहरा रहा बिजली का संकट, विद्युत उत्पादक संयंत्रों से मिल रहा कम उत्पादन, NTPC से भी उत्पादन ठप

**रांची, 31 अगस्त [एजेंसी]।**

झारखंड में बुधवार को एकाएक बिजली संकट गहरा गया। इसकी वजह बिजली उत्पादक संयंत्रों से कम उत्पादन मिलना है। स्थिति इस कदर विकट है कि महत्वपूर्ण शहरों समेत राजधानी रांची में भी लोड शेडिंग कर आपूर्ति की जा रही है।ज्यादातर परेशानी पीक ऑवर यानि रात में हो रही है। बिजली की आपूर्ति मांग के मुताबिक नहीं हो पा रही है। बिजली वितरण निगम के अधिकारियों ने बताया कि एनटीपीसी के हर्लीपल्ली प्लांट से बिजली उत्पादन ठप है।यहां से राज्य को 130 मेगावाट बिजली मिलती थी। राज्य के सबसे बड़े विद्युत उत्पादक संयंत्र तेनुघाट विद्युत निगम की दूसरी यूनिट का भी बुधवार को ट्यूब लिकेज हो गया, जिसके कारण इस प्लांट का भी उत्पादन ठप हो गया है।पहली यूनिट मरम्मत की वजह से पहले से ही बंद है। इससे 160 मेगावट बिजली की उपलब्धता कम हो गई है। सेंट्रल पूल से राज्य को 1000 मेगावाट बिजली मिलती थी। इसके मुकाबले सिर्फ 700 मेगावाट बिजली मिल रही है।विकट स्थिति में सिकिदरी हाइडेल से उत्पादन लिया जा रहा है। हालांकि, प्लांट को अबाधित तौर पर चलाने के लिए रुक्का डैम में पानी का भंडारण नहीं है।राज्य में डीवीसी कमांड एरिया के सात जिलों को छोड़कर 1300 से 1500 मेगावाट बिजली की मांग है। इसके मुकाबले केवल 900 से 1000 मेगावाट तक की उपलब्धता है। इसके कारण 400 से लेकर 600 मेगावाट तक बिजली की लोड शेडिंग कर आपूर्ति हो रही है।टीवीएनएल की एक यूनिट को एक सितंबर से आरंभ करने का प्रयास किया जा रहा है। दूसरी यूनिट से तीन सितंबर से उत्पादन मिलने की संभावना है। इसके बाद पर्याप्त बिजली उपलब्ध रहेगी।

## बंगाल के नदिया में टीएमसी कार्यकर्ता की गोली मारकर हत्या

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में नदिया जिले के धापरिया इलाके में बुधवार को सत्तारूढ़ पार्टी के दो गुटों के बीच कथित तौर पर हुई झड़प में तृणमूल कांग्रेस के एक कार्यकर्ता की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।मृतक की पहचान सफेज्जल दफादार के रूप में हुई है। दफादार की रिश्तेदार गुलमिश बीबी ने दावा किया कि उनका परिवार तृणमूल कांग्रेस से जुड़ा था। हालांकि, इलाके में सत्तारूढ़ पार्टी में एक प्रतिद्वंद्वी गुट है और मेरे परिवार के सदस्यों को लगातार धमकी दी जा रही है।उन्होंने आरोप लगाया कि बंदूक और धारदार हथियारों से लैस प्रतिद्वंद्वी गिरोह के सदस्यों ने अचानक उनके आवास पर हमला कर दिया। सफेज्जल उनका मुख्य टारगेट था।

# अस्पताल के मालिक की घिनौनी करतूत, चेंबर में ट्रेनी नर्स के साथ किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा, 31 अगस्त [एजेंसी]।**

ग्रेटर नोएडा वेस्ट के तिगरी गांव के समीप सर्वती अस्पताल के मालिक की घिनोनी हरकत सामने आई है। अस्पताल के मालिक पर आरोप है कि उसने अपने चेंबर में ट्रेनी नर्स के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।बिसरख कोतवाली प्रभारी अनिल राजपूत ने बताया कि मूलरूप से जिला बुलंदशहर के खनौदा गांव का रहने वाला रिंकू क्रासिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र के अकबरपुर बहरामपुर में किराये के मकान में रहता है।

रिंकू ग्रेनो वेस्ट के तिगरी गांव में सर्वती के नाम से अस्पताल चलाता है।पीड़िता का आरोप है कि अस्पताल के मालिक रिंकू ने मंगलवार सुबह करीब चार बजे उसे अपने चेंबर में बुलाया। और उसे डरा धमकाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पीड़िता ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपित रिंकू को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र के अंतर्गत दा नेस्ट होटल के बाथरूम में नहाते समय युवती का वीडियो बनाने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने होटल कर्मचारियों पर वीडियो बनाने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है।मूल रूप से पश्चिम बंगाल की रहने वाली एक युवती नॉलेज पार्क स्थित दा नेस्ट होटल में रुकी हुई थी। युवती ने पुलिस को बताया कि वह होटल के कमरे में बने बाथरूम में नहा रही थी। इस बीच खिड़की से झांकर होटल के कुछ कर्मचारियों ने मोबाइल से उसका वीडियो बना लिया।वीडियो बनाते हुए एक कर्मचारी को युवती ने देख लिया था, जिसकी शिकायत उन्होंने तुरंत होटल के मैनेजर से की, लेकिन होटल के मैनेजर ने मामला रफा दफा करने का दबाव बनाया।युवती ने पुलिस से शिकायत करने के लिए कहा तो कर्मचारी को बुलाकर माफी मंगवाने लगे। पीड़िता का आरोप है कि कर्मचारियों के मोबाइल में उसका वीडियो है।

# राखी बांधने जा रही महिला व बेटे को दुर्घटना में मौत

**अयोध्या।** रक्षाबंधन पर्व पर भाई को राखी बांधने जा रही एक महिला और उसके बेटे की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। हालांकि बाइक चला रहा उसका ससुर सकुशल बच गया। हादसा बुधवार को दोपहर बाद अयोध्या कोतवाली के ओवरबिरज के पास हुआ। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जिले के पूराकलंदर थाना क्षेत्र के गांव रामू का पुरवा भदोखर निवासी महिला 28 वर्षीय शोभा मौर्या पत्नी राजन अपने पांच वर्षीय बेटे रितेश मौर्या के साथ भाई को राखी बाँधने अपने मायके पड़ोसी जनपद बस्ती के चिलमा जा रही थी। मोटरसाइकिल उसका ससुर अनंतराम चला रहा था। दोपहर बाद गोरखपुर हाइवे पर अयोध्या कोतवाली क्षेत्र में साकेत पेट्रोल पंप स्थित ओवरब्रिज के पास लखनऊ की ओर जा रहे एक ट्रक ने मोटसाइकिल में टक्कर मार दी। हादसे के बाद अनंतराम ने अपनी पुत्रबधु शोभा और पोते रितेश को 2.30 बजे जिला अस्पताल पहुंचाया तो इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डा आशीष पाठक ने मां-बेटे को मृत घोषित कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा मेमो नगर कोतवाली पुलिस को भेजवाया है। अनंतराम का कहना है कि टक्कर के बाद बहू और पोते को ट्रक ने रौंद दिया, जबकि वह किनारे गिरा और सुरक्षित बच गया।

# बॉक्स ऑफिस पर जारी ड्रीम गर्ल 2 का धमाल, छठे दिन कमाई में आया बंपर उछाल



**नई दिल्ली।** निर्देशक राज शांडिल्य की ड्रीम गर्ल 2 का जादू फैंस के सिर चढ़कर बोल रहा है। आयुष्मान खुराना और अनन्या पांडे की ये कॉमेडी फिल्म सिनेमाघरों में जमकर धूम मचा रही है। ऑडियंस की ओर से ड्रीम गर्ल 2 को अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है,जिसके चलते बॉक्स ऑफिस पर ये फिल्म लगातार अच्छी कमाई कर रही है। इस बीच आयुष्मान की ड्रीम गर्ल 2 के छठे दिन के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के आंकड़े सामने आए हैं,जिनमें बंपर उछाल दर्ज किया गया है। बीते 25 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई ड्रीम गर्ल 2 हर दिन शानदार प्रदर्शन कर रही है। रक्षा बंधन के हॉलिडे के अवसर का आयुष्मान खुराना की फिल्म ने जमकर फायदा उठाया है। गौर करें ड्रीम गर्ल 2 के छठे दिन के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन आंकड़े की तरफ तो सैकनिल्क के अर्ली ट्रेड के मुताबिक इस फिल्म ने 7 से 8 करोड़ के बीच में कारोबार किया है।रिलीज के छठे दिन ड्रीम गर्ल 2 के कमाई के इस आंकड़े से ये अनुमान लगाया जा सकता है कि आयुष्मान खुराना के फिल्मी करियर की एक और हिट फिल्म आने वाली है। साल 2019 में आई ड्रीम गर्ल की तरह इसका सीक्वल ड्रीम गर्ल 2 भी दर्शकों के दिलों को जीतने में कामयाब रहा है।ओपनिंग वीकेंड पर 40 करोड़ से ज्यादा की कमाई करने वाली ड्रीम गर्ल 2 ने बीते दिनों में भी कमाल का कलेक्शन किया है। पिछले तीन दिनों में ड्रीम गर्ल 2 ने क्रमशः सोमवार को 5.42, मंगलवार को 5.87 और बुधवार को अब तक 7-8 करोड़ की कमाई कर ली है, जो कुल मिलाकर 19-20 करोड़ से ज्यादा है। इसके हिसाब से आयुष्मान खुराना और अनन्या पांडे की इस मूवी का टोटल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 6 दिन में 59-60 करोड़ के बीच हो गया है।

# तेजस एक्सप्रेस में ऑक्सीजन खत्म होने से बीमार बच्चे की मौत, निगरानी करने के बजाए चद्दर तान कर सो गया था स्टाफ

**टूंडला, 31 अगस्त [एजेंसी]।**




लिवर ट्रांसप्लांट के लिए वेंटिलेटर सपोर्ट पर दरभंगा से दिल्ली ले जा रहे तीन साल के मासूम की चलती ट्रेन में सांसें थम गईं। कानपुर में ऑक्सीजन समाप्त होने के बाद उसकी हालत बिगड़ गई थी। बच्चे को उपचार देने के लिए नान स्टाप तेजस राजधानी एक्सप्रेस को रोका गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, परिजनों ने निगरानी करने वाले डॉक्टर और तकनीशियन पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। जानकारी के मुताबिक, झारखंड के जिला गिरिडीह के गांव नीमाडीह निवासी पवन कुमार के बेटे कृष्ण कार्तिकेय को 25 अगस्त को बुखार आया था। हालत बिगड़ने पर उसे पटना अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने उसका लिवर खराब बताया।मंगलवार को वह दरभंगा से बेटे का लिवर ट्रांसप्लांट कराने तेजस राजधानी से दिल्ली ले जा रहे थे।

बेटा वेंटिलेटर सपोर्ट पर था। डॉक्टर, सहायक व वेंटिलेटर बुक किया था। वह कोच संख्या ए-3 व ए-4 में यात्रा कर रहे थे। उनके साथ उनके पिता लाल साहू व सास नीलू देवी भी थी। कानपुर रेलवे स्टेशन पर ऑक्सीजन समाप्त होने पर दूसरे सिलेंडर की व्यवस्था की गई। सिलेंडर आने से पहले ट्रेन चली तो उसे चेन खींचकर रोका गया। ऑक्सीजन लेने के बाद वह कानपुर से चले, लेकिन कुछ देर बाद ही बेटे की हालत बिगड़ गई। डॉक्टर की मांग होने पर सुबह पांच बजे टूंडला स्टेशन पर ट्रेन को रोका गया। रेलवे अस्पताल के डॉक्टरों ने जांच के बाद बच्चे को मृत घोषित कर दिया। घटना में बच्चे के साथ चल रहे डॉक्टर व तकनीशियन की लापरवाही का मामला सामने आया है। पिता का आरोप है कि ऑक्सीजन कानपुर आने से पहले ही समाप्त हो चुकी थी और डॉक्टर व तकनीशियन चादर तान कर सो रहे थे। बच्चे के पिता ने दोनों के विरुद्ध जीआरपी थाने में तहरीर दी है।पीड़ित पवन कुमार सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की इकमीघाट शाखा दरभंगा में तैनात हैं। उन्होंने बताया कि बच्चे को सुरक्षित एम्स तक पहुंचाने के लिए उन्होंने पटना की एक एंबुलेंस कंपनी को 65 हजार रुपये दिए थे। इसके बाद डॉक्टर मनीष कुमार और तकनीशियन विनय कुमार ट्रेन में ऑक्सीजन के दो सिलेंडर लेकर चढ़े थे। कुछ देर बाद दोनों अपनी-अपनी बर्थ पर चादर ओढ़ कर सो गए।उन्हें जगाया तो बोले ऑक्सीजन कम हो रही है और सिलेंडर मंगाने होंगे। इसके लिए उन्होंने आठ हजार रुपये और लिए। कानपुर में सिलेंडर आता उससे पहले ही उन दोनों की लापरवाही के कारण बच्चे की मृत्यु हो गई थी। इसके बाद भी नया सिलेंडर मंगाकर उसे ऑक्सीजन लगा दी।टूंडला उतरने पर जब रेलवे के डॉक्टरों ने बेटे को मृत घोषित कर दिया तो उन्होंने जीआरपी को मामले की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने डॉक्टर और तकनीशियन को हिरासत में ले लिया।

# कलाकार का कोई कंफर्ट जोन नहीं होता है, हर हाल में करना होता है कामः जिमी शेरगिल

**मुंबई, 31 अगस्त [एजेंसी]।**

फिल्मों के साथ ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लगातार काम कर रहे हैं जिमी किरदार भले ही कामिक हो या गंभीर, उन्हें निभाने की प्रक्रिया हर रोल के साथ बदल जाती है। अभिनेता जिमी शेरगिल ने दोनों ही तरह की भूमिकाएं निभाई हैं। जिमी का मानना है कि जितना कामिक किरदारों को निभाना कठिन होता है, उतना ही गंभीर भूमिकाओं को भी निभाना कठिन होता है। आगामी दिनों में जिमी चूना और रणनीति बालाकोट एंड बियांड में गंभीर भूमिकाओं में नजर आएंगे।

जब जिमी से पूछा गया कि क्या वह गंभीर भूमिकाएं निभाने में वह ज्यादा सहज महसूस करते हैं और क्या यह उनका कंफर्ट जोन है। इस पर बातचीत में वह कहते हैं कि मुझे नहीं लगता है कि कलाकार का कोई भी कंफर्ट जोन होता है। गंभीर भूमिकाएं निभाना आसान नहीं होता है। उन किरदारों में उतरने में भी मुझे दो-तीन दिन लग जाते हैं। ऐसा नहीं होता है कि अभी सेट पर गए और उस किरदार में चले गए। दो-तीन दिन में धीरे-धीरे कलाकार उस पात्र से जुड़ता हैं कि अच्छा फलां किरदार की यह बात मुझे अच्छी लग गई है, अब मैं इस चीज को पकड़कर ही आगे बढ़ूंगा।

जैसे चूना वेब सीरीज में मेरा जो किरदार है, वह बहुत ही अप्रत्याशित है। ऐसे स्वभाव वाले व्यक्ति की भूमिका मैंने पहले किसी रोल में नहीं निभाई है। वह कभी अचानक से किसी की ओर बढ़ेगा, फिर रुक जाएगा, कुछ सोचेगा, फिर बिना कुछ बोले चला जाएगा। कभी धीरे से बात करेगा, तो कभी चिल्ला भी देगा। ऐसे अप्रत्याशित किरदारों को समझने में समय लगता है।

# 30 सेकेंड का काम, इंफेक्शन और बीमारियों का होगा काम तमाम



कोरोना महामारी के दौरान भी संक्रमण से बचने के लिए बार-बार हाथ धोने की सलाह दी गई थी. यह आदत हमेशा अपनानी चाहिए.

**संक्रामक बीमारियां से बचाव**- हाथों को सही तरह और समय-समय पर धोने से संक्रामक बीमारियों का खतरा कम हो सकता है. दरअसल, कई तरह के बैक्टीरिया और वायरस किसी भी सतह पर मौजूद रहते हैं, जब हम उन्हें छूते हैं तो वे हाथों के जरिए शरीर में पहुंच सकते हैं. यही कारण है कि हाथों की साफ-सफाई से कोरोना, फ्लू जैसे संक्रामक बीमारियों से बच सकते हैं.

**पेट और सांस संबंधी बीमारियों का रिस्क कम**

हाथ धोने की आदत पेट और सांस से जुड़ी बीमारियों का रिस्क 30 प्रतिशत तक कम कर सकती है. अक्सर संक्रमण होने पर एंटीबायोटिक्स लेने की सलाह दी जाती है. हालांकि, कई अध्ययन में बताया गया है कि ज्यादा एंटीबायोटिक्स के सेवन से एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस के केस बढ़ रहे हैं. ऐसे में हाथों की स्वच्छता का ध्यान रखकर बीमारियों से बचने के साथ ही एंटीबायोटिक्स का सेवन कम कर सकते हैं.

हमारी दिनचर्या और खानपान का असर सेहत पर सीधा पड़ता है. इसीलिए हेल्थ एक्सपर्ट हमेशा हेल्दी आहार और सही लाइफस्टाइल अपनाने की सलाह देते हैं.

अगर हमारी आदतें अच्छी हैं तो शरीर का इम्यून सिस्टम अच्छा होता है और इससे कई तरह की संक्रामक बीमारियों से बचने में मदद मिलती है. जैसे- हाथों की साफ-सफाई से ही आप अपनी सेहत को काफी हद तक बेहतर बना सकते हैं.

**इस तरह रखें हाथों की सफाई**- हाथ धोने की आदत कोविड एप्रोप्रिएट बिहेवियर का हिस्सा माना जाता है. इस आदत को अपनी दिनचर्या में शामिल कर आप कई तरह की संक्रामक बीमारियों को फैलने से रोक सकते हैं. हाथों की साफ-सफाई पानी और साबुन से अच्छी तरह करनी चाहिए. हैंड सैनिटाइजर का इस्तेमाल कर सकते हैं. हेल्थ एक्सपर्ट भी हर उम्र के लोगों को यह आदत अपनाने की सलाह देते हैं.



## युक्ति कपूर अपकमिंग शो कह दूं तुम्हें को लेकर हैं सुपर एक्साटइेड


स्टारप्लस अपने दर्शकों के लिए पहले कभी नहीं देखी गई दिलचस्प मर्डर मिस्ट्री और लव स्टोरी, 'कह दूं तुम्हें' लेकर आया है। ये शो पंचगनी में सेट है। इस शो में युक्ति कपूर और मुदित नैय्यर, कीर्ति और विक्रांत की मुख्य भूमिकाओं में हैं। शो 'कह दूं तुम्हें' अपने दिलचस्प और मनोरंजक प्लॉट से दर्शकों को अपनी सीटों से बांधे रखेगा। इस शो के साथ युक्ति कपूर पहली बार किसी थ्रिलर जॉनर शो में नजर आएंगी। ऐसे में शो के लिए अपना उत्साह साझा करते हुए उन्होंने कहा, मैं 'कह दूं तुम्हें' का हिस्सा बनकर बेहद खुश हूं। यह पहली बार है कि मैं एक थ्रिलर शैली के मर्डर मिस्ट्री शो का हिस्सा बनूंगी। कीर्ति के किरदार में अलग-अलग परतें और अलग-अलग भावनाएं हैं, जिन्हें स्क्रीन्स पर उतारना एक दिलचस्प हिस्सा होगा। मुझे उम्मीद है कि दर्शक हमें प्यार और सराहना देंगे। 'कह दूं तुम्हें' 4 सितंबर से रविवार रात 11 बजे स्टार प्लस पर प्रसारित होने वाला है। इसका निर्माण वज्र प्रोडक्शंस द्वारा किया गया है।

# पिंक साड़ी पहन केट शर्मा ने सोशल मीडिया पर लगाया ग्लैमर का तड़का

टीवी एक्ट्रेस केट शर्मा हमेशा अपनी ड्रेसिंग सेंस और कातिलाना अदाओं से फैंस के बीच चर्चाएं बटौरती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। हालिया फोटोशूट के दौरान एक्ट्रेस केट शर्मा की एथनिक लुक से इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है। इन फोटोज में उनका दिलकश अंदाज देखकर फैंस का दिस मचल गया है। एक्ट्रेस केट शर्मा सोशल मीडिया लवर हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उन पर से नजरें नहीं हटा पाते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस केट शर्मा ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की कुछ तस्वीरें शेयर कर सोशल मीडिया का पारा गर्म कर दिया है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस ने बेहद खूबसूरत साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो काफी ग्लैमरस नजर आ रही हैं। बता दें कि एक्ट्रेस केट शर्मा जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक लुक को काफी पसंद करते हैं। लेटेस्ट तस्वीरों में एक्ट्रेस ने कैमरे के सामने एक बार फिर से अपनी पतली कमर फ्लॉन्ट करते हुए फैंस को आहें भरने पर मजबूर कर दिया है। केट शर्मा अपनी इन तस्वीरों में एक से बढ़कर एक कातिलाना पोज देते हुए लोगों के दिलों में खंजर चला रही हैं। ओपन हेयर, माथे में बिंदी और, कानों में इयररिंग्स और मिनिमल



मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उन पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं।



## फिल्म जवान का नया गाना नॉट रमैया वस्तावैया जारी, शाहरुख खान-नयनतारा ने लगाए ठुमके

शाहरुख खान की फिल्म जवान का फैंस को बेसब्री से इंतजार था. ये फिल्म 7 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है. जवान का नया ट्रेलर 31 अगस्त को रिलीज होने जा रहा है. ट्रेलर के रिलीज से पहले ही शाहरुख ने फिल्म का नया गाना नॉट रमैया वस्तावैया रिलीज कर दिया है. इस गाने में शाहरुख खान के साथ नयनतारा ठुमके लगाती नजर आ रही हैं.

जवान के नए गाने नॉट रमैया वस्तावैया की बात करें तो ये एक डांस नंबर है. ये गाना रिलीज होते ही ट्रेंडिंग लिस्ट में छा गया है. गाने में शाहरुख का कूल अवतार फैंस को देखने को मिल रहा है. अपने डांस मूव्स से एक बार फिर शाहरुख ने फैंस का दिल जीत लिया है. इस गाने को रिलीज हुए अभी 24 मिनट ही हुए हैं और इस गाने को 4 लाख से ज्यादा लोग देख चुके हैं.

नॉट रमैया वस्तावैया गाने को अनिरुद्ध रविचंदर, विशाल ददलानी और शिल्पा राव ने गाया है. गाने को अनिरुद्ध ने कंपोज किया है और कुमार ने इसके लिरिक्स लिखे हैं. गाने की बीट शानदार है. इसे सुनते ही आपके पैर थिरकने लगेंगे.

शाहरुख खान की जवान का दूसरा गाना 31 अगस्त को रिलीज होने जा रहा है. पहले ट्रेलर से ही लोग काफी एक्साइटेड हो गए थे. अब जबसे दूसरे ट्रेलर की अनाउंसमेंट हुई है तब से फैंस को इसका इंतजार नहीं हो रहा है. शाहरुख खान ने खुद ट्रेलर की रिलीज डेट की अनाउंसमेंट की थी. उन्होंने लिखा था- जवान का जश्न मैं आपके साथ ना मनाऊं ये हो नहीं सकता. आ रहा हूं मैं बुर्ज खलीफा पर 31 अगस्त को रात 9 बजे, मेरे साथ जवान का जश्न मनाएं. और क्योंकि प्यार दुनिया का सबसे खूबसूरत एहसास है, तो प्यार के रंग में रंग जाओ और आओ लाल रंग पहनें... क्या कहते हैं? तैयार!

जवान की बात करें तो इसे एटली कुमार ने डायरेक्ट किया है. फिल्म में शाहरुख के साथ नयनतारा, सान्या मल्होत्रा और विजय सेतुपति अहम किरदार निभाते नजर आएंगे.

## फिल्म द आर्चीज की रिलीज तारीख से उठा पर्दा, नया पोस्टर भी जारी



फिल्ममेकर जोया अख्तर की फिल्म द आर्चीज का फैंस को बेसब्री से इंतजार था. अब ये इंतजार जल्द ही खत्म होने जा रहा है. इस फिल्म से कई स्टारकिड्स बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहे हैं. शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान, बोनी कपूर की बेटी खुशी कपूर और अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा इस फिल्म में नजर आने वाले हैं. इन स्टारकिड्स ने मिलकर आज फिल्म की रिलीज डेट की अनाउंसमेंट कर दी है. ये फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी.

द आर्चीज में सुहाना खान, अगस्त्य नंदा खुशी कपूर, वेदांग रैना, युवराज मेंडा, मिहिर आहूजा और अदिति डॉट लीड रोल में नजर आएंगे. ये फिल्म अमेरिकन कॉमिक पर बेस्ड है. इस फिल्म की रिलीज डेट की अनाउंसमेंट खास अंदाज में द आर्चीज की टीम ने की है.

जोया अख्तर की फिल्म द आर्चीज 7 दिसंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी. मुंबई वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर लाइव बिलबोर्ड के साथ पूरी कास्ट ने अनाउंसमेंट की है. साथ ही इसका काउंटडाउन भी शुरू कर दिया है. सुहाना ने सोशल मीडिया पर इसका वीडियो भी शेयर किया है. सुहाना ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा- द आर्चीज 7 दिसंबर को आने के लिए तैयार हैं.

# पतले बालों को ठीक करने के लिए आजमाएं ये नुस्खे, जल्द दिखेगा असर



बालों का पतला होना खराब डाइट, हार्मोन में बदलाव, असंतुलित जीवनशैली या किसी चिकित्सा स्थिति का संकेत हो सकता है। अमूमन लोग इस समस्या से निपटने के लिए विज्ञापन आदि को देखकर महंगे-महंगे उत्पाद तक खरीद लेते हैं, लेकिन उनसे भी मनचाहा परिणाम नहीं मिल पाता।ऐसे में आइए आज हम आपको 5 ऐसे घरेलू नुस्खे बताते हैं, जो प्रभावी ढंग से बालों के पतले होने की समस्या को दूर करके इन्हें घना और मजबूत बनाए रख सकते हैं।

एलोवेरा जेल का करें उपयोग

एलोवेरा में प्रोटियोलिटिक एंजाइम होते हैं, जो बालों के विकास को बढ़ाने में मदद कर सकते हैं। इससे बालों की मात्रा बढ़ सकती है।लाभ के लिए ताजे एलोवेरा जेल को मिक्सी में ब्लेंड करें, फिर इसे अपनी उंगलियों से अपने स्कैल्प पर हल्के हाथों से लगाएं।जेल से लगभग 5 मिनट तक स्कैल्प की मालिश करने के 25 मिनट बाद सिर को गुनगुने पानी ले धो लें।यहां जानिए बालों पर एलोवेरा के उपयोग के तरीके।

आंवला भी है प्रभावी

आंवला एंटी-ऑक्सीडेंट और उच्च मात्रा में विटामिन-ष्ट से भरपूर होता है, जो आपके सिर में कोलेजन के स्तर को बढ़ाता है। कोलेजन बालों को लंबा और मजबूत रखने में मदद कर सकता है।लाभ के लिए आंवले के पेस्ट को नींबू के रस की कुछ बूंदों के साथ अच्छे से मिलाएं, फिर इसे अपने स्कैल्प और बालों पर लगाएं।अब मिश्रण को प्राकृतिक रूप से सूखने दें, फिर सिर को पानी और शैंपू से साफ कर लें।

एवोकाडो से होगा फायदा

एवोकाडो में विटामिन-ए, विटामिन-बी6, विटामिन-सी और विटामिन-ई होते हैं, जो बालों के विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। इसके अलावा इसमें ओमेगा-3 फैटी एसिड भी होता है, जो बालों को गहराई से पोषण देने में सहायक है। लाभ के लिए एवोकाडो के गूदे में केले का गूदा मिलाकर चिकना पेस्ट बना लें, फिर इसे अपने स्कैल्प पर लगाएं और 30-60 मिनट के लिए छोड़ दें।इसके बाद सिर को ठंडे पानी से धो लें।

नारियल का तेल लगाएं

जब बालों की देखभाल की बात आती है तो हम नारियल के तेल का जिक्र करने से कैसे चूक सकते हैं?इसका कारण है कि आवश्यक खनिज और विटामिन से भरपूर यह तेल बालों का झड़ना कम करके इन्हें बेहतरीन मोटाई प्रदान कर सकता है।लाभ के लिए हफ्ते में 2 बार इसे अपने स्कैल्प और बालों लगाकर हल्के हाथों से मालिश करें, फिर 30 मिनट के बाद सिर को शैंपू और पानी से साफ कर लें।

प्याज का रस आएगा काम

प्याज का रस भी बालों के विकास को बढ़ावा देता है।लाभ के लिए आपको बस एक बड़े प्याज की आवश्यकता होगी। इसे छीलकर इसकी प्यूरी बना लें और फिर कपड़े की मदद से इसका रस निकाल लें।अब इसे अपने स्कैल्प पर लगाकर 5 से 7 मिनट तक मालिश करें और फिर मिश्रण को सूखने के लिए छोड़ दें। इसके बाद सिर को धो लें।यहां जानिए प्याज के रस को हेयर केयर रूटीन में शामिल करने के तरीके।

न्यूजबाइट्स प्लस (सलाह)

बालों के लिए हमेशा हल्के सल्फेट-मुक्त शैंपू का उपयोग करें, जो हानिकारक रसायनों से मुक्त हों।अपनी डाइट को प्रोटीन और आवश्यक खनिज से भरपूर रखें और खुद को हमेशा हाइड्रेट रखें।हीट स्टाइलिंग टूल्स के उपयोग से बचें।अपने सिर की मालिश के लिए जोजोबा तेल, रोजमेरी तेल, लैवेंडर तेल और टी ट्री ऑयल का उपयोग करें।गीले बालों पर कंघी न फेरें और न ही इन्हें तौलिए से रगड़े।

## शब्द सामर्थ्य -171

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रूप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

**ऊपर से नीचे**

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 170 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भू | कं | प | | फा | य | दा | | स |
| प | | ल | ला | ट | | य | ती | म |
| ति | ल | क | | क | न | क | | झ |
| | क्ष्म | | | | रे | | | |
| ग | ण | क | | सं | श | य | | सी |
| ह | | या | च | क | | म | न्न | त |
| रा | क्ष | स | | र | क्ष | क | | न |
| | त्रि | | | | मि | | | |
| शा | य | री | | का | त | र | | गो |



## नागार्जुन ने अपने जन्मदिन पर किया फिल्म ना सामी रंगा का ऐलान

अभिनेता नागार्जुन अक्किनेनी अपने 63वां जन्मदिन के खास मौके पर उन्होंने अपनी नई फिल्म का ऐलान कर दिया है, जिसका नाम ना सामी रंगा रखा गया है। यह फिल्म अगले साल संक्रांति के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी और टिकट खिड़की पर इसका सामना महेश बाबू की गुंटूर करम से होगा। ना सामी रंगा का निर्देशन विजय बिन्नी द्वारा किया जाएगा, वहीं एमएम कीरवानी फिल्म के लिए संगीत तैयार करने वाले हैं। ना सामी रंगा से नागार्जुन का पहला लुक सामने आ चुका है, जिसमें वह दमदार अवतार में दिखाई दे रहे हैं।निर्माताओं ने फिल्म से जुड़ा एक वीडियो भी साझा किया है, जिसमें वह जबरदस्त एक्शन करते नजर आ रहे हैं।यह फिल्म श्रीनिवास चित्तूरी द्वारा निर्मित है।श्रीनिवासा सिल्वर स्क्रीन ने एक्स पर ना सामी रंगा का पोस्टर साझा किया है। उन्होंने लिखा, ना सामी रंगा। हमारी अगली फिल्म नागार्जुन के साथ। कहानी और संवाद प्रसन्ना कुमार द्वारा तैयार किए गए हैं, जबकि संगीत एमएम कीरावनी द्वारा रचित है। मुख्य अभिनेत्री और बाकी मुख्य कलाकारों और क्रू सहित अन्य विवरण जल्द ही जारी किए जाएंगे। संक्रांति 2024 के दौरान रिलीज़ होने की उम्मीद है, इस उत्सुकता से प्रतीक्षित फिल्म पर अधिक अपडेट के लिए बने रहें। बीते साल रिलीज हुई डायरेक्टर अयान मुखर्जी की फिल्म ब्रह्मास्त्र में नागार्जुन ने अहम भूमिका को अदा किया था। रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की इस सुपरहिट फिल्म में एक्टर ने नंदी अस्त्र का रोल प्ले किया, जिसको दर्शकों ने काफी ज्यादा पसंद किया। इतना ही नहीं बीते साल द घोस्ट में नागार्जन ने अपने एक्शन अवतार से हर किसी की दिल जीता था। ऐसे में अब फैंस नागार्जुन की ना सामी रंगा की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

## 50 करोड़ के क्लब में शामिल हुई ड्रीम गर्ल 2, पूजा की अदाओं पर मर मिटे लोग



आयुष्मान खुराना की फिल्म ड्रीम गर्ल 2 बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है. फिल्म शुक्रवार को सिनेमाघरों पर रिलीज हुई है और जबरदस्त कलेक्शन कर रही है. फिल्म का पांचवे दिन का कलेक्शन सामने आ गया है और इसने एक रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है. आयुष्मान और अनन्या की फिल्म 50 करोड़ के क्लब में शामिल हो गई है. ड्रीम गर्ल 2 वीकडेज में भी अच्छा कलेक्शन कर रही है. आयुष्मान को पूजा बनकर देख फैंस इंप्रेस हो गए हैं.आयुष्मान खुराना ने पूजा बनकर अपनी अदाओं से सभी को दीवाना बना लिया है. लड़कियों वाली अदा और कॉमेडी के साथ ड्रीम गर्ल 2 हिट हो गई है. आयुष्मान और अनन्या की केमिस्ट्री को भी काफी पसंद किया जा रहा है.ड्रीम गर्ल 2 का पांचवे दिन का कलेक्शन सामने आ गया है. सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक ड्रीम गर्ल 2 ने पांचवे दिन 5.50 करोड़ का कलेक्शन किया है. जिसके बाद टोटल कलेक्शन 51.63 करोड़ हो जाएगा. ड्रीम गर्ल 2 ने रविवार को सबसे ज्यादा कलेक्शन किया था. फिल्म ने पहले दिन 10.69 करोड़, दूसरे दिन 14.02 करोड़, तीसरे दिन 16 करोड़ और चौथे दिन 5.42 करोड़ का कलेक्शन किया था.

ड्रीम गर्ल 2 ने सनी देओल की फिल्म गदर 2 को भी अच्छी टक्कर दी है. रिपोर्ट्स की मानें तो कहा जा रहा था कि ओएमजी 2 की तरह ड्रीम गर्ल 2 भी गदर 2 के सामने ज्यादा समय तक टिक नहीं पाएगी लेकिन ये फिल्म वीकडेज पर गदर 2 से अच्छा कलेक्शन कर रही है और 50 करोड़ के क्लब में भी शामिल हो गई है.

ड्रीम गर्ल 2 की बात करें तो ये साल 2019 में आई ड्रीम गर्ल का सीक्वल है. ड्रीम गर्ल 2 में आयुष्मान खुराना, अनन्या पांडे, परेश रावल, विजय राज, अन्नू कपूर, अभिषेक बनर्जी, राजपाल यादव, मंजोत सिंह समेत कई कलाकार अहम किरदार निभाते नजर आए हैं. इस फिल्म को राज शांडिल्य ने डायरेक्ट किया है.

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर सम्मानित किए गए खिलाड़ी

**चरचा कालरी।** भारत सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों के तहत एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर के मार्गदर्शन में एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र द्वारा देश के महान हॉकी खिलाड़ी पद्मभूषण मेजर ध्यानचंद की जन्मतिथि जिसे पूरे देश में राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है इस अवसर पर दिनांक 29 अगस्त को क्षेत्रीय मुख्यालय स्थित गौतम सदन में राष्ट्रीय खेल दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत हुए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत करने हेतु पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन समारोह के मुख्य अतिथि महाप्रबंधक बैकुंठपुर क्षेत्र श्री बी. एन. झा ने सर्वप्रथम मेजर ध्यानचंद जी की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित के साथ माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किया इस दौरान वहां उपस्थित अन्य विभागाध्यक्ष और श्रमसंघ प्रतिनिधिगण के अतरिक्त उपस्थित शिक्षक एवं कर्मचारीयों ने भी श्रद्धा सुमन पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महाप्रबंधक श्री बी एन झा ने स्कूली बच्चों के साथ केक काटकर मेजर ध्यानचंद की जन्मतिथि पर सभी को खेल दिवस की शुभकामनाएं दी। इसके पश्चात् मेजर ध्यानचंद जी की जीवन की महत्पूर्ण घटनाओं के विषय में सभी को जानकारी दी गई। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में कुल 60 प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

खेल दिवस के अवसर पर कटकोना सब एरिया के अंतर्गत आने वाले खझुराहिल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य और विद्यार्थियों को खेल सामग्री वितरित किया गया जिससे क्षेत्र में खेल को



बढ़ावा मिल सके और बड़े स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं में स्कूल के छात्र भाग ले सकें। समारोह में नेशनल स्कूल गेम्स में अंडर 19 खेल में भाग लेने पर स्थानीय फुटबॉल खिलाड़ी श्री अरूण कुमार और कुमारी पूजा को भी मुख्य अतिथि द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। एसईसीएल चर्चा के कर्मचारी सुनील कुमार वर्गीस को बैडमिंटन खेल मैं उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा की जीवन में खेल से हम सबको अनुशासन एवं संगठित होकर कार्य करने की महत्पूर्ण सीख मिलती है। आज पूरे विश्व में खेल की दुनिया में भारतीय खिलाड़ी अपने प्रदर्शन से भारतवर्ष का नाम ऊंचा कर रहे हैं। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है और इस बीच वहां मौजूद स्कूली बच्चों को खेल में बढ़चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। विदित हो कि बैकुंठपुर क्षेत्र द्वारा दिनांक 21 अगस्त 2023 से 29 अगस्त 2023 के मध्य खेल को बढ़ावा देने हेतु विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें दिनांक 21अगस्त को फिट इंडिया का सपथ अधिकारियों कर्मचारीयों को दिलाया गया।इस बीच दिनांक 25 अगस्त को कर्मचारीयों के मध्य कैरम प्रतियोगिता एवं 26 अगस्त को बैडमिंटन प्रतियोगिता अयोजित की गई,दिनांक 28 अगस्त को केंद्रीय विद्यालय बैकुंठपुर और डीएवी स्कूल पांडापारा के बच्चों के बीच सीनियर वर्ग बॉयज और गर्ल्स के मध्य 100 मीटर,200 मीटर,400 मीटर की दौड़ आयोजित की गई, जूनियर वर्ग के बच्चों के लिए सैक रेस और लेमन स्पून रेस का आयोजन किया गया जिसमें स्कूली बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। मेजर ध्यानचंद जी ने देश में हॉकी के जादूगर के नाम से भी जाना जाता है उनका जन्म 29 अगस्त 1905 को इलाहाबाद में हुआ था वह एक सैनिक और खिलाड़ी थे उन्हें तात्कालिक दौर में भारतीय हॉकी का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी माना जाता था उन्होंने अपने खेल के दौरान 1928 1932 और 1936 में ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीते 1922 और 1926 के बीच में उन्होंने कई सी हॉकी टूर्नामेंट और रेजीमेंट खेलों में हिस्सा लिख लिया और जबरदस्त प्रदर्शन किया राष्ट्रीय खेल दिवस हेतु 29 अगस्त की तारीख इसलिए चुनी गई क्योंकि इसी दिन महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद का जन्म हुआ था उन्हें इस खेल में इतनी ज्यादा महारत हासिल थी कि लोग उन्हें हॉकी का जादूगर और दा मैजिशियन के नाम से बुलाते थे।



## ब्राह्मण समाज चिरमिरी द्वारा भक्ति भाव से तुलसीदास की जयंती मनाई गई

**कोरिया-चिरमिरी।** संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती ब्राह्मण समाज चिरमिरी द्वारा भक्ति भाव से मनाई गई। जिसमें बड़ी संख्या में मातृशक्ति व समाज के वरिष्ठ जन तथा युवा साथी सभी के द्वारा भक्ति भाव के साथ गोस्वामी तुलसीदास जी महाराज की पूजा की गई एवं हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया। उसके पश्चात गोस्वामी तुलसीदास जी के जीवन पर अद्भुत बातें बताई गई। कार्यक्रम में सर्वप्रथम समाज के राजीव लोचन शुक्ला ने गोस्वामीजी के जीवन पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला और कहा कि उनके द्वारा रचित भगवान राम के चरित्र पर आधारित हिंदु समाज और भारत की युवाओ में नैतिक स्तर को उपर ले जाने में सहायक सिद्ध हो रही है। आज हमें चरित्रवान होने की आवश्यकता है। दुनिया की हर समस्या का समाधान तुलसी साहित्य में हैं। डॉ डी.के. उपाध्याय ने कहा हुए कहा कि तुलसीदास हिंदी साहित्य के महान कवि, साहित्यकार व दार्शनिक थे. तुलसीदास के दोहे आज भी युवाओं को प्रेरणा देते हैं उनके जैसे संतों के कारण ही हजार वर्षों के अभारतीय शासन में भी भारतीयता जीवित रही। उक्त कार्यक्रम में वीरेंद्र तिवारी के द्वारा भोग का वितरण कराया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप ब्राह्मण समाज के महामंत्री धर्मेन्द्र त्रिपाठी, नारायणी शक्ति अध्यक्ष श्रीमती मिथिलेश परासर, डॉ डी.के. उपाध्याय, आर पी शुक्ला, राजेन्द्र त्रिपाठी , वीरेंद तिवारी, श्रीमती गीता शुक्ला, जितेन्द्र मिश्रा, शिवेंद्र त्रिपाठी, यदुवंश तिवारी, सोखी लाल गौतम,हमाम मिश्रा, सुनील पांडेय, श्रीमती सुधा त्रिपाठी, एवं काफी संख्या में विप्रजन उपस्थित रहे।

## 63 हितग्राहियों को विधायक ने प्रदान किए व्यक्तिगत वन अधिकार पट्टे



**कोरिया/बैकुंठपुर।** सरगुजा आदिवासी क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं भरतपुर - सोनहत क्षेत्र के विधायक गुलाब सिंह कमरो की अध्यक्षता में जनपद पंचायत, सोनहत के सभा कक्ष में आज 63 हितग्राहियों को व्यक्तिगत वन अधिकार पट्टा और सांस्कृतिक चिन्हारी पोर्टल में 28 पंजीकृत मानस मंडली को पांच-पांच हजार रूपये पंजीयन की राशि के साथ छह युवाओं को बेरोजगारी भत्ता की स्वीकृति आदेश प्रदान किया।

श्री कमरो ने इस अवसर पर कहा कि राज्य सरकार सभी वर्गों के हित को ध्यान में रख कर अनेक योजनाएं शुरू की है, जिसका लाभ पूरे प्रदेशवासियों को मिल रहा है। विधायक श्री कमरो ने कहा कि किसानों, ग्रामीणों, आदिवासियों, वन आश्रितों, श्रमिकों, महिलाओं, युवाओं आदि के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए सरकार द्वारा किए गए प्रयास के कारण छत्तीसगढ़ विकास की नई इबारत लिखी है। सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के दूरदर्शी सोच के कारण आज जैविक खेती को बढ़ावा मिलने लगा है। रीपा के माध्यम से स्थानीय उत्पाद को बाजार मिलने लगा है और इनसे जुड़े लोगों के जीवन में खुशियां भी देखने को मिलने लगा है।

## मित्रता का अभूतपूर्व उत्सव है भोजली : मुख्यमंत्री

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज राजधानी रायपुर स्थित सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में आयोजित राष्ट्रीय भोजली महोत्सव-2023 में शामिल हुए। उन्होंने इस अवसर पर मित्रता का अभूतपूर्व उत्सव 'भोजली' पर्व के आयोजन के लिए गोंडी धर्म संस्कृति संरक्षण समिति को बधाई दी और इसे प्राचीन सांस्कृतिक परम्पराओं को सहेजने की दिशा में सराहनीय बताया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इस अवसर पर महोत्सव को संबोधित करते हुए कहा कि भोजली का पर्व हमारी विशिष्ट छत्तीसगढ़ी संस्कृति है। भोजली मित्रता का उत्सव भी है। छत्तीसगढ़ में मित्रता के अटूट बंधन के लिए भोजली बदने की परम्परा रही है। इस तरह से भोजली केवल एक पारंपरिक अनुष्ठान नहीं रह जाता अपितु लोगों के दिल में बस जाता है।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि जब हमारी संस्कृति बचेगी, तभी हम बचेंगे। जब हमें अपनी संस्कृति पर गौरव होगा, तभी हमारा आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। हम प्रदेश के आर्थिक विकास के लिए कार्य तो कर ही रहे हैं। कर्ज माफी, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना जैसी अनेक योजनाओं से प्रदेश के सभी वर्गों की आर्थिक स्थिति बेहतर हुई है लेकिन इसके साथ ही हम सांस्कृतिक विकास को भी उतना ही महत्व दे रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने बताया कि हमने देवगुड़ियों और घोटुल के संरक्षण के लिए कार्य किया है। मुख्यमंत्री पर्व सम्मान निधि और आदिवासी परब सम्मान निधि योजना के माध्यम से हम स्थानीय उत्सवों को मनाने के लिए सभी पंचायतों को दस हजार रुपए वार्षिक सहायता दे रहे हैं। बस्तर लोक संस्कृति एवं भाषा अकादमी नाम से जानी जाने वाली इस संस्था के माध्यम से बस्तर के लोकगीतों को, लोकधुनों को और पारंपरिक रिवाजों को तथा बोली को सहेजने का काम हो रहा है। इसके माध्यम से बस्तर की सांस्कृतिक सुंदरता को दुनिया जान पा रही है।

## बाईक स्टंट करने वाले तीन युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** मंदिर हसौद थाना क्षेत्रांतर्गत अटल नगर नवा रायपुर में आम रोड में दोपहिया वाहनों में स्टंट करने वाले युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दिनों पहले मंदिर हसौद थाना क्षेत्रांतर्गत अटल नगर नवा रायपुर में रास्ते में कुछ युवकों द्वारा बाईक से स्टंट करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वायरल वीडियो को पुलिस महानिरीक्षक रतनलाल डांगी ने गंभीरता से लिया। जिसके बाद एसएसपी प्रशांत अग्रवाल सहित अन्य अधिकारियों को वीडियो में दिख रहे व्यक्तियों की पतासाजी कर आवश्यक कर्रवाई करने को निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में मंदिर हसौद थाना और यातायात पुलिस की संयुक्त टीम ने वीडियो में दिख रहे दोपहिया वाहन और व्यक्तियों की पतासाजी करते हुए व्यक्तियों की पहचान जितेन्द्र वर्मा (चरोदा, धरसींवा) सुनील कुमार साहू (भानसोज, आरंग) और निरंजन साहू (गोंदवारा, खमतराई) के रूप में की गई। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ थाना मंदिर हसौद में विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर उनके कब्जे से स्टंट में प्रयुक्त ड्यूक बाइक, बुलेट और स्पलेण्डर प्लस जब्त किया गया है।

## लाहिड़ी कॉलेज में राष्ट्रीय खेल दिवस के अंतर्गत 'फिट इंडिया मिशन' कार्यक्रम का आयोजन



**कोरिया-चिरमिरी।** शासकीय लाहिड़ी स्नातकोत्तर महाविद्यालय चिरमिरी जिला मनेंद्रगढ़ - चिरमिरी - भरतपुर छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय सेवा योजना (पुरुष एवं महिला) इकाई के द्वारा भारत सरकार युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा संचालित संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम समन्वयक डॉ एसएन पांडे यह जिला संगठक मानिकचंद हिमधर के मार्गदर्शन प्राचार्य डॉ. राम किंकर पांडेय के संरक्षण तथा कार्यक्रम अधिकारी विरेन्द्र कुमार एवं सुश्री प्रेमा कुजूर के नेतृत्व में 'राष्ट्रीय खेल दिवस'' के अंतर्गत 'फिट इंडिया मिशन' कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के स्मार्टक्लास रूम में आज दिनांक 29 अगस्त को हॉकी के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस के उपलक्ष्य पर खेलकूद कार्यक्रम का आयोजन कर राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर सभी छात्रों को संस्था प्राचार्य डॉ.पांडेय मेजर ध्यानचंद की संक्षिप्त जीवन परिचय देते हुए संबोधित किया। कार्यक्रम अधिकारी विरेन्द्र कुमार ने बताया की खेल से मनुष्य का मानसिक एवं शारीरिक विकास होता है। खेल महत्व पर जोर देते हुए प्रतिदिन 30 मिनट समय निकालकर , खेल अवश्य खेले। डॉ. रामनारायण पनिका ने बच्चों के सर्वांगीण विकास में खेल का विशेष महत्व है, संसाधनों के अनुरूप खेलों में निरंतर भाग लेते रहना चाहिए व खेल खेलना चाहिए। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में भागवत प्रसाद जांगड़े, गिरीश दास, चैतन्य निषाद, फयाजुल मुस्तफा, मनजीत सिंह, विकास खटीक, सुश्री मोहिनी राठौर, सुश्री अंकिता जयसवाल आदि प्राध्यापकगण, एनएसएस के स्वयं सेवक, स्वयं सेविका एवं छात्र - छात्राओं का योगदान रहा।

# झारखंड के भाजपा विधायक चौरसिया का 8 दिवसीय प्रवास पूर्ण

**कोरिया/बैकुंठपुर।** अवगत करा दें की चार राज्यों में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी की चुनावी रणनीति और संगठनात्मक मजबूती के लिए प्रदेश भाजपा से लेकर राष्ट्रीय स्तर से जरूरी मिशन सभी प्रदेशों में जारी है। भारतीय जनता पार्टी आगामी विधानसभा चुनावों में आसानी से अपनी जीत का परचम लहरा सके।जिसके लिए कई राज्यों के भाजपा विधायक और मंत्रियों का छत्तीसगढ़ राज्य में विधानसभा वार लगातार प्रवास का कार्यक्रम जोरों पर है।

अवगत करा दें की बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 21 अगस्त को 8 दिवसीय प्रवास पर झारखंड से कोरिया जिला पहुंचे विधायक आलोक चौरसिया का 29 अगस्त को उनका प्रवास कार्यक्रम पूर्ण हुआ। प्रवास कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र की चुनावी चुनौतियां ,भाजपा की संगठनात्मक मजबूती और कार्यकर्ताओं के दायित्व निर्वहन सहित क्षेत्र भ्रमण से मिले अन्य अनुभवों को प्रेसवार्ता के माध्यम से साझा करते हुए पत्रकारों को बताया की कोरिया जिले में भाजपा की स्थिति काफी मजबूत है।विधानसभा चुनाव नजदीक है एक एक कार्यकर्ता और पदाधिकारी लगातार पूरी मजबूत इच्छाशक्ति के साथ क्षेत्र में अपनी भूमिका पर संकल्पित है।साथ ही चुनौतियों को परास्त करने और कुशलता से सभी कार्य पूरा करने की पूरी दक्षता है कोरिया जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं में। आलोक चौरसिया ने प्रवास के दौरान क्षेत्र के समस्त



बूथ, शक्तिकेंद्र, सहित सभी मंडलों में सभा आयोजित कर केंद्र सरकार और छत्तीसगढ़ की पूर्व भाजपा सरकार की सभी उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाते हुए विधानसभा क्षेत्र के आमजन को भाजपा की सफल नीति और विकास की जनता के बीच भागीदारी को बताया।पत्रकारों से चर्चा के दौरान विधायक आलोक चौरसिया ने कांग्रेस सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार, कुशासन बेरोजगारी और क्षेत्र की जनता को विकास से दूर रखने जैसे मुद्दों का होना भी बताया।आलोक चौरसिया ने बताया की भारतीय जनता पार्टी सबका साथ सबका विकास के लाइन पर चलती है और भाजपा शासित प्रदेशों में आम जन से लेकर सभी लोग खुद को काफी सुरक्षित महसूस करते हैं। उन्होंने बताया की जिस तरह कांग्रेस शासित इस छत्तीसगढ़ राज्य में बहन,बेटियां सुरक्षित नहीं हैं आए दिन खुलेआम हत्या, बलात्कार और हर क्षेत्र में माफिया राज़ का बोलबाला है।

उससे सारी जनता त्रस्त है और पूरे जोश और उत्साह से भाजपा की सरकार बनाने के मूड में है।तत्पश्चात झारखंड राज्य से कोरिया जिला 8 दिवसीय प्रवास पर आए विधायक आलोक चौरसिया को भारतीय जनता पार्टी कोरिया के द्वारा साल श्री फल भेंट कर पुष्प मालाओं से स्वागत कर उनके 8 दिनों के प्रवास कार्यक्रम पूर्ण होने की बधाई देते हुए उनके गंतव्य को विदाई दी गई।

विधायक आलोक चौरसिया के 8 दिवस प्रवास के अंतिम दिन विदाई व स्वागत कार्यक्रम में झारखंड के शाहगंज भाजपा विधायक अनंत ओझा भी हुए शामिल आपको बता दें की जहां आज आलोक चौरसिया का प्रवास बैकुंठपुर से पूरा हुआ वहीं आज से पुनः उक्त विधायक प्रवास कार्यक्रम में शामिल रहेंगे।विधायक अनंत ओझा को सरगुजा संभाग अंतर्गत समस्त विधानसभा क्षेत्रों का प्रवास दौरा कार्यक्रम का प्रभारी नियुक्त किया गया है जो आज कोरिया में अपनी पहली उपस्थिति दर्ज कराए।दोनो प्रवासी विधायकों का भारतीय जनता पार्टी कोरिया के समस्त पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया और फूल माला अर्पित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल के नेतृत्व में और पूर्व मंत्री भईया लाल राजवाड़े के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया जिसमे मंच का संचालन भाजपा जिला महामंत्री विनोद साहू ने किया साथ ही प्रवक्ता विमल गुप्ता,भाजपा जिला उपाध्यक्ष शैलेष शिवहरे, देवेंद्र तिवारी, लक्ष्मण राजवाड़े, कमलेश यादव, जिला मंत्री बसंत राय, जिला कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल, जिला कार्यालय प्रभारी भानूपाल, जिला कार्यालय सहप्रभारी लव कुमार रवि एवं मंडल के पदाधिकारी, महिला मोर्चा की बहने और सभी मोर्चा/प्रकोष्ठ, सोशल मीडिया, आईटी सेल के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 9 किलोग्राम से ज्यादा गांजा जब्त

**रायपुर।** राजधानी रायपुर की टिकरापारा थाना पुलिस ने नया बस स्टेंड से एक युवक को गांजा बेचने के फिराक में घूमते हुए गिरफ्तार किया है तथा उसके पास से 9 किलो 9 सौ ग्राम गांजा जब्त किया है। सूचना मिली कि टिकरापारा क्षेत्रांतर्गत भाठागांव स्थित नया बस स्टैण्ड में एक व्यक्ति अपेन पास गांजा रखा है तथा बिक्री करने की फिराक में है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम जय प्रकाश बढ़ई एवं नगर पुलिस अधीक्षक पुरानी बस्ती राजेश चौधरी द्वारा थाना प्रभारी टिकरापारा को सूचना की तस्दीक कर आरोपी को गांजा के साथ रंगे हाथ पकडने् निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी टिकरापारा के नेतृत्व में थाना टिकरापारा पुलिस की टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति की पतासाजी कर चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम अब्दुन शहबाज निवासी टिकरापारा रायपुर का होना बताया।

## श्रद्धा महिला मंडल की शानदार प्रस्तुति



**कोरिया-बैकुंठपुर।** प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी CILOWS द्वारा कोलकाता में आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धा महिला मंडल एसईसीएल की महिलाओं ने अपनी शानदार प्रस्तुति से सभी का दिल जीत लिया। इस वर्ष यह कार्यक्रम 26/08/2023 को संपन्न हुआ। बैकुंठपुर क्षेत्र की सौम्य महिला समिति की अध्यक्ष श्रीमती पूनम झा के नेतृत्व में उनकी ऊर्जावान टीम ने वहां के मंच पर छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध लोक नृत्य राउत नाचा की धमाकेदार प्रस्तुति दी। राउत नाचा दीपावली के अवसर पर किया जाने वाला एक लोकप्रिय परंपरागत नृत्य है। इस अनूठे और अनुपम प्रस्तुति की सबों ने भूरी भूरी सराहना की। प्रमुख सहभागिनियों में श्रीमती संध्या रामावत,श्रीमती स्वाति सिंह,श्रीमती नंदिनी दुबे,श्रीमती मृणाली भन्नारिया,श्रीमती रीना विश्वकर्मा,और श्रीमती सारिका अथिया थीं। सभागार में उपस्थित श्रद्धा महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती पूनम मिश्रा और उनकी सहयोगी श्रीमती रितांजली पाल,श्रीमती राजी श्रीनिवासन,श्रीमती संगीता कापरी,श्रीमती सारदा आचार्या और श्रीमती सुजाता खमारी तथा दानकुनी परिवार से नंदिनी दास और रश्मि ने उनमें उत्साह और जोश भरने में कोई कसर बाकी नहीं रखा। सच में उनकी प्रस्तुति काबिले तारीफ थी। मंडल अध्यक्ष ने उनके प्रस्तुति की मुक्त कंठ से सराहना और प्रशंसा की।

## राजधानी में युवक की चाकू मारकर हत्या

**रायपुर।** पुरानी रंजिश के चलते एक युवक की हत्या हो गई। हत्यारा उसका दोस्त ही था, जो मुंहबोली बहन से शादी करने के बाद से ही मृतक से नाराज चल रहा था। तेलीबांधा थाना पुलिस सूत्रों ने बताया कि श्याम नगर में रहने वाले आरोपी राजेंद्र राजपूत 35 वर्ष की दोस्ती मृतक नीरज नंदा पिता विजय नंदा 24 वर्ष से थी। आरोपी राजेंद्र राजपूत और मृतक दोनों बहुत अच्छे दोस्त थे। करीब 2 माह पूर्व मृतक नीरज ने एक युवती से प्रेम विवाह किया था। बताया जाता है कि राजेंद्र उस युवती को अपनी बहन मानता था। दोनों के प्रेम विवाह से आरोपी भी नाराज था और इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो रहा था। कल रात भी दोनों के बीच कहासुनी हो गई और आरोपी राजेंद्र ने नीरज की चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## एक ही ट्रैक पर आई एक्सप्रेस व मालगाड़ी

**रायपुर।** बुधवार की शाम बिलासपुर-रायपुर के बीच दाधादापारा-चकरभाठा के बीच एक ही ट्रैक पर मालगाड़ी और एक्सप्रेस ट्रेन के आने से यात्री दहशत में आ गए। हालांकि, ट्रेन में टक्कर नहीं हुई और कोई हादसा नहीं हुआ।

## हत्या कर फरार होने वाला आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी की तेलीबांधा पुलिस ने श्याम नगर मर्डर मामले में आरोपी राजेंद्र सिंग राजपूत को गिरफ्तार किया है। श्याम नगर निवासी मृतक नीरज नंदा की दोस्ती वहीं के रहने वाले राजेन्द्र राजपूत से थी। दोनों का एक दूसरे के घर आना जाना था। इस दौरान नीरज को राजेन्द्र की मुंह बोली बहन से प्रेम हो गया और दोनों ने शादी रचा ली। इस बात से राजेन्द्र अपनी बहन और अपने दोस्त नीरज से नाराज था। और नीरज को सबब सीखाने के लिए मौके का इंतजार कर रहा था।

# 38 वां राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा का शुभारंभ

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटना में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर एस सेगर व खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर बलवंत सिंह के मार्गदर्शन में वरिष्ठ डॉक्टर ए के सिंह वरिष्ठ नागरिक पटना ईश्वर दयाल सिंह विनोद शर्मा वरिष्ठ पत्रकार डिप्टी एम आई ओ श्रीमती सरोजिनी राय नेत्र सहायक अधिकारी विरेंद कुमार साहू ब्लॉक डाटा मैनेजर संतोष साहू फैमिली प्लानिंग के काउंसलर अनुराग मिश्रा समस्त मितानिन ट्रेनर के उपस्थिति में किया गया नेत्रदान पखवाड़ा मनाने का प्रमुख उद्देश्य जो कॉर्निया के कारण अंधत्व हो जाती है उनको सिर्फ नेत्रदान से प्राप्त कार्निया से ही उनकी नजर वापस लाई जा सकती है अभी भी कार्नियल ब्लाइंड की अपेक्षाकृत नेत्रदान कम प्राप्त होते हैं एक व्यक्ति के नेत्र दान से दो व्यक्ति को नेत्र ज्योति प्रदान की जा सकती है जीते जी रक्त दान मरणोपरांत नेत्र दान।



## केंदई रेंज में हाथियों का उत्पात जारी



**कोरबा।** जिले के केंदई रेंज में 30 की संख्या में विचरण कर रहे हाथियों ने बीती रात कोरबी सखोदा तथा लालपुर सर्किल में उत्पात मचाते हुए लगभग दो दर्जन किसानों के खेतों में लहलहा रहे धान की फसल को रौंद दिया। हाथियों द्वारा क्षेत्र में उत्पात मचाये जाने तथा फसल रौंदने की सूचना मिलने पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी प्रभावित गांवों में पहुंचकर नुकसानी का सर्वे शुरू कर दिए है। वहीं अमला द्वारा हाथियों की लगातार निगरानी की जा रही है। आसपास के गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क करने का काम भी शुरू कर दिया गया है। हाथियों द्वारा लगातार फसल रौंदे जाने से ग्रामीणों में काफी आक्रोश है।

## बीकेएस चलाएगा जनजागरण अभियान

**कोरबा।** पुराने पेंशन स्कीम सहित अन्य मांगों को लेकर सभी विद्युत संयंत्रों में बिजली कर्मचारी संघ के द्वारा 4 सितंबर से जन जागरण अभियान चलाया जाएगा। इसकी तैयारी अलग-अलग की जा रही है। दर्री विद्युत मंडल में राधेश्याम जायसवाल, शब्बीर मेमन के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं की बैठक ली जाएगी। इसी तरह कोरबा पूर्व में नवरतन बरेठ, यशवंत राठौर, पूर्णिमा साहू के नेतृत्व में तैयारी चल रही है। लैंको में भी संजीव शर्मा, शिव पाटले व भीम सिंह चौहान के नेतृत्व में तैयारी की जा रही है। मड़वा क्षेत्र में भी राघवेंद्र राठौर, हरीश राठौर के द्वारा जन जागरण अभियान चलाने पर विचार किया जा रहा है। इसके बाद सभी जिलों में अलग-अलग ज्ञापन सौंपा जाएगा। पिछले दिनों बिजली कर्मचारी संघ की प्रदेश स्तरीय बैठक रायपुर में आयोजित किया गया था। बैठक में सभी क्षेत्रों में आंदोलन चलाने का निर्णय लिया था।

### सर्कुलर कब हुआ जारी, किसी को इसकी जानकारी नहीं

# यूनियन बैंक नहीं ले रहा 10 और 20 के पुराने नोट, ग्राहक खफा

**कोरबा।** वित्तीय लेनदेन के मामले में नागरिक कुल मिलाकर भारत सरकार के द्वारा अधिकृत बैंकिंग संस्थानों पर निर्भर हैं जहां से उन्हें कई प्रकार की सुविधा प्राप्त हो रही हैं। इन सब के बीच कोरबा में यूनियन बैंक के द्वारा अपने उपभोक्ताओं से 10 और ?20 के मूल्य वाले पुराने नोट नहीं लिए जा रहे हैं। स्पष्ट कारण नहीं बताने से उपभोक्ता परेशान है और उन्होंने इस पर नाराजगी जाहिर की है।

किसी भी स्तर पर इस प्रकार की जानकारी सामने नहीं आई है और ना ही इसे सार्वजनिक किया गया है जिसके कारण इस तरह की व्यवस्था पर यूनियन बैंक काम कर रहा है। हाल में ही उसने अपनी स्थानीय शाखों में रुपए 10 और 20 के पुराने नोट को लेने से साफ तौर पर मना कर दिया कई लोग अपनी जमा राशि में पुराने नोट लेकर पहुंचे तो उन्हें चला कर दिया गया लोगों के द्वारा पूछताछ की गई तो उन्हें ठोस कारण नहीं बताया गया। लोगों ने बैंक प्रबंधन के इस रवैया पर हैरानी जताई कि आखिर कौन से नियम के तहत यह सब किया जा रहा है। लोगों का कहना है कि पुराने नोटिस नहीं लेने को लेकर ना तो उन्होंने ऐसा कोई सरकारी सर्कुलर अब तक देखा है और ना ही बैंक प्रबंधन के द्वारा अपनी शाखों में इसके संदर्भ से जानकारी सार्वजनिक की गई है । ऐसे में बैंक प्रबंधन के दावे पर विश्वास करना मुश्किल है।






### हर चीज नहीं दे सकते लिखकर

यूनियन बैंक किन कारणों से पुराने नोट नहीं ले रहा है, इस बारे में प्रबंधन न तो लोगों को संतुष्ट कर रहा है और न ही उनकी समस्या का समाधान कर रहा है। इस प्रकार के मामलों में जब लोग पूछताछ करते हैं तो उन्हें यही कहा जाता है कि सब चीज लिखित में नहीं दी जा सकती। बैंक मैनेजर हेमंत साहू का जवाब प्रकरणों में ऐसा ही है। नोटों के कटे-फटे होने को लेकर उनके पास जवाब नहीं है और न ही इसका जवाब है कि जब दूसरे बैंक इस प्रकार के नोट ले रहे हैं तो आखिर यहां पर समस्या क्यों पैदा की जा रही है।

### चेस्ट ब्रांच को होती है जानकारी

कोरबा के एक वरिष्ठ बैंक अधिकारी ने तरुण छत्तीसगढ़ को इस बारे में बताया कि रूपों के प्रचलन और उनसे जुड़े मामलों के बारे में आरबीआई से संबंधित जानकारी केवल चेस्ट ब्रांच को ही होती है और इसके अलावा किसी को नहीं । वर्तमान में कोरबा जिले में स्टेट बैंक और पीएनबी ही चेस्ट ब्रांच के रूप में रिकॉग्नाइज है और सर्कुलर इनके पास आते हैं और फिर यहां से आगे इसे सर्कुलेट किया जाता है । मौजूदा बदलाव के बारे में फिलहाल हमें कोई जानकारी नहीं है।

## गांव में झगड़ा, दखल देने पर युवक को पीटा

**कोरबा।** आपस में लड़ाई झगड़ा कर रहे युवकों को रात्रि में मना करने पर उन सभी ने मिलकर बीच-बचाव करने वाले युवक की एकराय होकर पिटाई कर दी। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार पाली थाने के चैतमा चौकी क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत चैतमा निवासी फिरतूराम केंवट उम्र 28 पिता महेत्तर केंवट के घर के सामने सरवन पटेल के दरवाजे के पास सुनील कुमार पटेल, बबलू पटेल, दीपक पटेल आदि नशापान करने के बाद आपस में लड़ाई-झगड़ा कर रहे थे। इनके द्वारा शोर-शराबा मचाए जाने से मोहल्ले में एकबारगी शांति भंग होने लगी। यह सुनकर फिरतूराम केंवट अपने घर में जो खाना खा रहा था। खाना बीच में ही छोड़कर बाहर निकला और बीच-बचाव करते हुए उन सभी से वहां से जाने के लिए निवेदन करने लगा।

बताया जाता है कि बीच-बचाव करने गए फिरतू केंवट को देखते ही उपरोक्त युवक अपना आपसी झगड़ा भूल गए और उसे ही अपना दुश्मन समझकर उसके उपर टूट पड़े। इस दौरान आरोपियों ने फिरतू केंवट की जमकर पिटाई कर दी। इस घटना की रिपोर्ट फिरतू केंवट द्वारा चैतमा चौकी पहुंचकर दर्ज कराई गई। चैतमा चौकी प्रभारी सुरेश जोगी के निर्देशन में मामले में विवेचना एएसआई लक्ष्मी प्रसाद रात्रे द्वारा अपराध क्रमांक 0/23 धारा 294, 506, 323, 34 भादवि के तहत पंजीबद्ध कर की जा रही है।

## भालू के हमले में घायल ग्रामीण को किया सिम्स रेफर

**कोरबा।** वनमंडल कटघोरा के पसान रेंज अंतर्गत बलबहरा गांव में भालू के हमले में घायल हुए ग्रामीण को पेंड्रा जिला अस्पताल में उपचार के बावजूद उसके स्वास्थ्य में अपेक्षित सुधार नहीं होने पर डॉक्टरों ने सिम्स बिलासपुर रेफर कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार बलबहरा निवासी सेवासिंह गत दिनों अपने खेत में काम कर रहा था। तभी जंगल से अचानक धमके भालू ने हमला कर घायल कर दिया था। परिजनों तथा वन विभाग को जानकारी होने पर उसे उपचार के लिए पहले पसान प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक चिकित्सा के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर दशा को देखते हुए पड़ोसी जिले गौरेला पेंड्रा मारवाही क्षेत्र के जिला अस्पताल भेज दिया था। पेंड्रा जिला अस्पताल में लगभग एक सप्ताह चले उपचार के बावजूद जब उसकी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ तो डॉक्टरों ने आज सिम्स बिलासपुर रेफर कर दिया। परिजन घायल ग्रामीण को लेकर आज सुबह बिलासपुर रवाना हुआ, जहां भर्ती कराये जाने के बाद डॉक्टरों द्वारा उसका उपचार किया जाएगा। वन विभाग के अधिकारियों ने घायल ग्रामीण के परिजनों से कहा कि वन्य प्राणी के हमले में जन घायल होने पर उसके ईलाज का पूरा खर्च विभाग वहन करता है सो बेहतर से बेहतर ईलाज कराये ताकि उसे बचाया जा सके।

## प्रेमनगर में चक्काजाम लगी वाहनों की कतार

**कोरबा।** कुसमुंडा क्षेत्र की मुख्य सड़क की जर्जर हालत और आये दिन लगने वाले जाम की समस्या को लेकर वार्ड क्रमांक 57 की पार्षद एवं एमआईसी सदस्य सुश्री सुरती कुलदीप के नेतृत्व में वार्डवासियों द्वारा प्रेमनगर के पास चक्काजाम शुरू कर दिया गया है। चक्काजाम की वजह से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। जिसके कारण आने जाने वालों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। एक सप्ताह पूर्व पार्षद ने कलेक्टर को कुचेना मोड़ से सर्वमंगला पुल तक फोरलेन सड़क के लंबे समय से कार्य पूर्ण नहीं हाने पर आम जनता की तकलीफों से अवगत कराया था और राहत की मांग की थी लेकिन प्रशासन द्वारा कोई नहीं दिए जाने पर आज सुबह वार्डवासी पार्षद के नेतृत्व एकत्रित हुए और सड़क पर बैठकर चक्काजाम शुरू कर दिया।



रक्षाबंधन के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्मकुमारी की श्यामा बहन ने टीपी नगर चौक पहुंचकर यातायात थाने के आरक्षक टिकेश्वर साहू तथा कोतवाली के एएसआई अजय सिंह को बहन ने राखी बांधकर बहनों की रक्षा का संकल्प दिलाया।

## प्रदेश कांग्रेस में हरीश और ऊषा संयुक्त महासचिव नियुक्त

**कोरबा।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रदेश कांग्रेस कमेटी में नए परिवर्तन किये गए हैं। इसके अंतर्गत कोरबा जिले के वरिष्ठ नेता हरीश परसाई और ऊषा तिवारी को प्रदेश कांग्रेस के लिए संयुक्त महासचिव नियुक्त किया गया है। इन दोनों की नियुक्ति सुदीर्घ सेवाओं और अनुभव को देखते हुए की गई है। नियुक्ति पर अनेक पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त की है।



## बीकेकेएमएस करेगा आंदोलन

**कोरबा।** भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन के द्वारा 10 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रबंधन को पत्र लिखा गया है। जिसमें कहा गया है कि कोयला कामगारों को ड्यूटी आने-जाने में परेशानी होती है। ट्रक मार्ग पर खड़े रहते हैं जिसके चलते दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। केटेगरी-1 के कामगारों को संडे ड्यूटी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। कोयला कामगार क्षेत्र में उड़ रहे धूल से परेशान हैं। इन सभी मांगों पर प्रबंधन को ठोस निर्णय लेना होगाा वरना बीकेकेएमएस आंदोलन करेगी। इस संबंध में अमिया मिश्रा का कहना है कि प्रबंधन को पत्र देने के बाद वार्ता का इंतजार किया जा रहा है।

## सामाजिक संगठनों ने सरोकार दिखाए

**कोरबा।** रक्षाबंधन पर विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा अपने सरोकार दिखाये गए। कुष्ठ आश्रम, प्रशांति वृद्धाश्रम, सेवाभारती, वाल्मिकी आश्रम, दिव्य ज्योति विद्यालय में उन्होंने अपनी पहुंच बनायी। वरिष्ठजनों समेत विद्यार्थियों को रक्षा सूत्र बांधकर मुंह मीठा कराया गया।

## सावन को उत्सव के साथ महसूस किया जयसवाल महिला मंडल ने



### प्रतियोगिता के विजेता किए गए पुरस्कृत

**कोरबा।** सनातन परंपरा में श्रावण मास को हर दृष्टिकोण से सबसे उपयुक्त और प्रकृति के बेहद समीप माना गया है। धार्मिक और अन्य विधानों की पूर्ति इस महीने में करने का नियम है। जयसवाल महिला मंडल के द्वारा एक भव्य आयोजन करने के साथ सावन को महसूस किया गया। मौके पर कई मनोरंजन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई और उनके विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

ट्रांसपोर्ट नगर स्थित एक होटल में जयसवाल महिला मंडल के द्वारा सावन उत्सव पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में समाज की महिलाओं ने अपनी सक्रिय और रचनात्मक भागीदारी दर्ज कारण। भगवान के चित्र के साथ-साथ प्रकृति पूजा करने के साथ इस उत्सव का शुभारंभ हुआ। प्रतिभागियों के द्वारा ईश्वर की आराधना की गई और उनसे सभी के सुख और कल्याण के लिए मंगल कामना की गई। कार्यक्रम के अंतर्गत सावन क्वीन, नेचुरल ब्यूटी, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला सशक्तिकरण और अन्य विषय पर प्रतियोगिताएं रखी गई जिनमें महिलाओं ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी इस उत्सव में की गई। इसके माध्यम से सावन की विशेषताओं के साथ-साथ प्रकृति की उदारता को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सबसे श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि के द्वारा मंजूषा और स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। अगले वर्ष और भी अच्छे कार्यक्रम करने के संकल्प के साथ इस उत्सव का समापन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन महाराणा प्रताप नगर वार्ड की पार्षद आशा जायसवाल ने किया। कार्यक्रम में लता कश्यप, बेबी कश्यप, हेमलता कश्यप, बेबी अंजलि, पिंकी, रानू, आशा, गुड़िया अंजनी , रोशनी, अनुपमा, श्वेता, गीता, कुसुम, रमा, शील, ज्योति, आसमा और अर्चना गोभिल की सक्रिय भूमिका रही।

## एक विकासखंड, एक गांव,मोहल्ले में खंडवर्षा

**कोरबा।** कारण चाहे जो भी हो लेकिन यह अपने आप में एक विशेष प्रकार की तस्वीर है जो ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को हैरान करने के साथ-साथ जिज्ञासु बना रही है कि आखिर ऐसा हो क्यों रहा है। मामला बारिश से जुड़ा हुआ है। दिलचस्प पहलू यह है कि एक ही विकासखंड में आने वाले पंचायत बरपाली के विभिन्न क्षेत्रों में खंड वर्षा का दौर पिछले कुछ दिनों से जारी है। गुरुवार को भी ऐसा नजर यहां पर देखने को मिला जब एक इलाके में घनघोर बारिश ने रहा दी तो दूसरे इलाके में लोग उमस से परेशान रहे।

विकासखंड कोरबा में घने जंगलों से घिरे हुए क्षेत्र में बारिश का लगातार बिगड़ा हुआ क्रम लोगों के लिए और खासतौर पर किसानों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। वर्ष 2023 में बारिश के अनियमित चरण ने हर किसी को परेशानी में डाला है और उनकी चिंता में बढ़ोतरी की है। जिला मुख्यालय कोरबा से 50 किलोमीटर दूर बरपाली पंचायत विकासखंड कोरबा का हिस्सा है। गुरुवार को



कोरबा शहर के आसपास आसपास के विभिन्न क्षेत्रों में जमकर बारिश हुई लगभग 1 घंटे के दौरान यह इलाके तर्वत्तर हो गए। जिलगा बरपाली पंचायत में इसका कोई खास असर ही नहीं हुआ जबकि यहां से डेढ़ किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत के मोहल्ले कलमिटिकरा में काफी तेज रफ्तार से बारिश हुई। और इसने स्थानीय लोगों को राहत देने के साथ-साथ खरीफ सीजन की फसल को संजीवनी देने का काम किया। किसानों ने इस सीजन की सबसे तेज बारिश को दर्ज करने के साथ-साथ कहां की यह हमारी फसलों के लिए काफी सहायक साबित हो सकती है। मजे की बात यह रहेगी पंचायत के लोग तब हैरान उठे जब उन्हें पता चला कि मुख्यालय में बारिश का आता पता नहीं है लेकिन इसके आश्रित दूसरे क्षेत्रों में काफी अच्छी मेहरबानी हुई है। स्थानीय नागरिक चंद्रेश कश्यप ने बताया कि इससे पहले पंचायत के और भी मोहल्ले में ऐसी ही बारिश देखने को मिली है जबकि पंचायत मुख्यालय में उसने पर्याप्त दूरी बनाए रखी। एक सप्ताह पहले बारिश का यही सिलसिला 3 किमी दूर जिलगा में दिखाई दिया। बारिश के इस परिवर्तित रूप ने ग्रामीणों को न केवल सोचने के लिए मजबूर किया है बल्कि भूगोल और मौसम विज्ञान को लेकर अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों के लिए अनुसंधान के मामले में एक नया विषय दे दिया है। वह आने वाले दिनों में इस दिशा में बेहतर तरीके से आगे बढ़ सकते हैं कि आखिर इस प्रकार की गतिविधियां क्यों हो रही है और इसके लिए कौन से कारक जिम्मेदार हैं।

## बालको के मेगा स्वास्थ्य शिविर में भटगांव के लोगों ने विभिन्न बीमारियों का कराया उपचार

**बालकोनगर।** भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने हेल्प एज इंडिया के सहयोग से भटगांव में मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया। विशेष स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने और समुदाय की भलाई को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू किए गए शिविर से लगभग 200 नागरिक लाभान्वित हुए।

बालको के आरोग्य परियोजना के अंतर्गत मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है, इसमें ईएनटी विशेषज्ञ, दंत चिकित्सक, बाल रोग विशेषज्ञ, चर्म रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ और फिजियोथेरेपिस्ट उपस्थित थे। शिविर में रक्त, डायबटीज एवं हीमोग्लोबिन की जांच की गई। शिविर में निःशुल्क परामर्श से न केवल शीघ्र निदान की सुविधा मिली बल्कि शहर के भीतर समय पर उपचार और देखभाल के महत्व के बारे में जागरूकता भी बढ़ी।




शिविर में मोतियाबिंद के 18 मामलों की पहचान की गई, इससे शीघ्र निदान और उपचार परामर्श संभव हो सका। शिविर से 45 समुदाय के बच्चों, महिलाओं, पुरुषों और बुजुर्गों सहित सभी उम्र के लोगों को लाभ हुआ। भटगांव के लाभार्थी पुनी राम निर्मल ने कहा कि उसे कई दिनों से आंख की समस्या थी। शिविर की नेत्र जांच से उसे अपनी मोतियाबिंद की स्थिति की जानकारी हुई, इसमें उपचार की आवश्यकता का पता चला। इलाज के लिए आवश्यक कदम के साथ-साथ सरकारी सुविधाओं पर उपलब्ध किफायती स्वास्थ्य देखभाल के विषय में भी बताया गया।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि बालको में हम समुदाय को सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने पर अत्यधिक महत्व देते हैं। हमारा मानना है कि प्रत्येक व्यक्ति को स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त करने का अधिकार है। कंपनी दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले वरिष्ठ नागरिकों और बच्चों के लिए इस क्षेत्र में चिकित्सा सेवाओं समृद्धशाली आकार देने का लक्ष्य लेकर चल रही है। त्रैमासिक मेगा स्वास्थ्य शिविर की मदद से बालको प्रबंधन सामुदायिक विकास कार्यक्रम के अंतर्गत जरूरतमंदों के लिए बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए कटिबद्ध है। बालको की आरोग्य परियोजना स्वास्थ्य देखभाल और समुदाय की सेवा करने पर केंद्रित है। कंपनी ग्रामीण स्वास्थ्य पोस्ट, एचआईवी, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य और कुपोषण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अभियानों के माध्यम से समुदायों के लिए गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करती है। कंपनी हर 15 दिनों में एक मोबाइल हेल्थ वैन संचालित कर स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों का प्रभावी ढंग से समाधान करती है।










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com